वर्ष- 21 अंक - 326 | cityblastindore@gmail.com | RNI NO. MPHIN/2005/15582 | fb.com/cityblastindore | मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक
# सिटी ब्लास्ट
निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...
इंदौर, मंगलवार 12 मई 2026



## अभिनेत्री तमन्ना पहुंचीं महाकाल के दर पर

उज्जैन ● एजेंसी

साउथ और बॉलीवुड इंडस्ट्री की मशहूर अभिनेत्री तमन्ना भाटिया आज तड़के श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुंचीं। उन्होंने भगवान महाकाल की भस्म आरती में शामिल होकर बाबा का आशीर्वाद लिया। तड़के करीब 3 बजे मंदिर पहुंचीं तमन्ना भाटिया नंदी हाल में बैठकर भक्ति भाव से भस्म आरती में शामिल हुईं। इस दौरान वे मस्तक पर चंदन लगाए पूरी तरह बाबा महाकाल की भक्ति में लीन नजर आईं। करीब दो घंटे तक उन्होंने भस्म आरती का दिव्य नजारा देखा। आरती के बाद अभिनेत्री ने नंदीजी का पूजन-अभिषेक किया और नंदी के कान में अपनी मनोकामना कही। इसके बाद चांदी द्वार से भगवान महाकाल को पुजारी के हाथों जल अर्पित कर आशीर्वाद लिया। भस्म आरती के बाद तमन्ना ने कहा, मुझे यहां जो शांति मिली उसे मैं शब्दों में बयां नहीं कर सकती। ऐसा नजारा कहीं और देखने को नहीं मिलता।

# अमेरिकी रिपोर्ट से मचा भूचाल




वॉशिंगटन ● एजेंसी

अमेरिका और ईरान के बीच समझौता कराने का नाटक करने वाले पाकिस्तान को लेकर एक बड़ा दावा सामने आया है। अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान ने ईरानी सैन्य विमानों को अपने एयरबेस पर खड़े होने की अनुमति दी, ताकि वे अमेरिकी हवाई हमलों से बच सकें। यह दावा अमेरिकी न्यूज चैनल ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से किया है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अप्रैल में युद्धविराम की घोषणा की, उसके बाद ईरान ने अपने कई सैन्य विमान पाकिस्तान के नूर खान एयरबेस पर भेजे थे। इनमें एक जासूसी और खुफिया जानकारी जुटाने वाला विमान भी शामिल बताया गया है। अमेरिकी अधिकारियों का दावा है कि इन विमानों को अमेरिकी हमलों से सुरक्षित रखने के लिए पाकिस्तान की जमीन का इस्तेमाल किया गया। रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया कि ईरान के कुछ विमान अफगानिस्तान में भी भेजे गए।

## अब पंजाब में भाजपा का ऑपरेशन लोट्स

### मुख्यमंत्री का भाई भाजपा में शामिल

चंडीगढ़1 ● एजेंसी

बंगाल में पहली बार सरकार बनाने वाली भाजपा अब पंजाब में भी अपनी सरकार बनाने के लिए ऑपरेशन लोट्स चला रही है। इसी ऑपरेशन के तहत पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के मौसेरे भाई ज्ञान सिंह मान ने भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और पंजाब बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष सुनील जाखड़ की मौजूदगी में उन्होंने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है। उनके साथ बजिंदर सिंह भी भाजपा में शामिल हुए हैं।



ज्ञान सिंह ने कहा, ''मैं भगवंत मान की मौसी का लड़का हूं। वो मेरे चचेरे भाई भी लगते हैं। 2014 से उनके साथ था। लेकिन आम आदमी पार्टी की नीतियों और दिल्ली से आए लोगों की मनमर्जी-भ्रष्टाचार के कारण पार्टी छोड़ दी। अब मैं भाजपा के लिए पंजाब में काम करना चाहता हूं। यही मेरी पार्टी है।''

## शुभेंदु के पीए की हत्या की जांच अब सीबीआई करेगी

कोलकाता.एजेंसी। बंगाल के नए मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के पीए चंद्रनाथ रथ की हत्या की जांच अब सीबीआई करेगी। बंगाल सरकार ने सीबीआई जांच की सिफारिश की थी। इस मामले में उत्तरप्रदेश और बिहार से 3 गिरफ्तारियां हुई हैं। बताया जाता है कि डेढ़ माह पहले हत्या की साजिश रची गई थी।

## असम में आज हिमंता की शपथ

### प्रधानमंत्री सहित कई मुख्यमंत्री पहुंच रहे

गुवाहाटी ● एजेंसी

कांग्रेस से भाजपा में आए हिमंता बिस्वा सरमा आज फिर मुख्यमंत्री पद की शपथ ले रहे हैं। भाजपा में आने के बाद वे दो बार मुख्यमंत्री बन चुके हैं। इसके पहले ममता की पार्टी से भाजपा में आए शुभेंदु अधिकारी बंगाल के और राजद से जदयू होते हुए भाजपा में आए सम्राट चौधरी बिहार के मुख्यमंत्री बन चुके हैं। असम में हिमंता के साथ 4 मंत्री भी शपथ लेंगे।



प्रधानमंत्री मोदी के अलावा कई केंद्रीय मंत्री और भाजपा व एनडीए के कई मुख्यमंत्री भी शपथ समारोह में शामिल होंगे। बंगाल के नए मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी और बिहार के नए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी शपथ समारोह में पहुंचेंगे।

## तीन मर्डर करने वाले का एनकाउंटर

**चंदौली.एजेंसी।** उत्तरप्रदेश के चंदौली में 24 घंटे के भीतर तीन लोगों की हत्या करने वाले कथित सीरियल किलर गुरप्रीत को पुलिस ने मुठभेड़ में मार गिराया। आरोपी ने ट्रेन और अस्पताल में गोलीबारी कर वारदातों को अंजाम दिया था। पुलिस के अनुसार वह सेना का रिटायर्ड जवान था और हाल में नौकरी छूटने के बाद मानसिक तनाव में चल रहा था।

## बड़े नेता और राम मंदिर को उड़ाने की धमकी

**लखनऊ.एजेंसी।** लखनऊ पुलिस मुख्यालय की सोशल मीडिया व्हाट्सएप डेस्क पर अज्ञात नंबर से मैसेज आया। इसमें 24 घंटे में अति विशिष्ट याने किसी बड़े नेता की हत्या और अयोध्या में राम मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी की बात लिखी थी। पुलिस ने इस मामले में आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

## पलटी पिकअप, पिता पुत्र समेत 3 की मौत

**भिंड.एजेंसी।** भिंड जिले के मेहगांव थाना क्षेत्र में आज तड़के पेड़ से टकराकर पिकअप गाड़ी पलट गई जिससे पिता-पुत्र सहित तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा दंदरौआ धाम गेट नंबर-1 के पास हुआ।

## मुख्यमंत्री बनते ही एक्टर विजय ने बंद की 717 शराब दुकानें

**चेन्नई.एजेंसी।** तमिलनाडु का मुख्यमंत्री बनते ही थलापति विजय ने बड़ा फैसला लिया है। उन्होंने धार्मिक स्थलों, शैक्षणिक संस्थानों और बस अड्डों के 500 मीटर के दायरे में स्थित सरकार की ओर से संचालित 717 शराब की दुकानों को बंद करने का आदेश दिया है। सरकारी आदेश में कहा गया है कि इसका पालन अगले दो हफ्तों में होना चाहिए।

## आग की अफवाह... ट्रेन से कूदे लोग



**कानपुर.एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में कानपुर के शिवराजपुर थाना क्षेत्र में फर्रुखाबाद की ओर जा रही कासगंज एक्सप्रेस में आग लगने की अफवाह फैलने से यात्रियों में हड़कंप मच गया। अफवाह इतनी तेजी से फैली कि घबराए यात्रियों ने चेन पुलिंग कर दी और कई लोग ट्रेन धीमी होते ही नीचे कूद पड़े। ट्रैक पर उड़ रही गिट्टी की धूल को कुछ यात्रियों ने धुआं समझ लिया। इसी दौरान ट्रेन में सवार एक यात्री ने आग लगने की बात कहकर अफवाह फैला दी। इसके बाद कोचों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

# सांसद के सामने रखे प्रशासनिक इकाइयों के गठन पर सुझाव



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

अभ्यास मंडल के बैनर तले कल बैठक आयोजित की गई। म.प्र. पुनर्गठन आयोग ने प्रदेश में जिला, तहसील, जनपद एवं विकासखंड जैसी प्रशासनिक इकाइयों के पुनर्गठन के लिए सुझाव आमंत्रित किए गए हैं। इसी विषय को लेकर अभ्यास मंडल ने सांसद शंकर लालवानी की मौजूदगी में बैठक आयोजित की। इस बैठक में पूर्व प्रशासनिक अधिकारियों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों एवं विभिन्न क्षेत्रों के अनुभवी नागरिकों ने भाग लिया और सभी ने अपने-अपने सुझाव दिए। सुझाव में यह आया कि प्रशासनिक इकाइयों के पुनर्गठन में भौगोलिक आधार, जनसंख्या, प्रशासनिक सुविधा, आर्थिक एवं वित्तीय व्यवहार्यता, सांस्कृतिक एवं क्षेत्रीय समानता, परिवहन एवं संपर्क व्यवस्था तथा प्रशासनिक विकेंद्रीकरण जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं को ध्यान में रखा जाना चाहिए। प्रशासनिक सीमाओं और संसाधनों को ध्यान में रखते हुए ऐसी व्यवस्था विकसित की जानी चाहिए जिससे जनता को अधिकतम लाभ मिल सके। पूर्व अधिकारी ओपी श्रीवास्तव, सीबी सिंह, प्रभात पाराशर, आनन्दकुमार शर्मा, डॉ. अशोक भार्गव, धर्मेन्द्र चौधरी एवं गौतम कोठारी, अशोक बड़जात्या ने भी सुझाव दिए। सांसद शंकर लालवानी ने कहा अभ्यास मंडल, मालवा चेम्बर, सेवा सुरभि संस्थाओं ने बैठक कर उपयोगी सुझाव दिए हैं। मई माह के अंत तक आयोग को यह सुझाव प्रस्तुत किए जाएंगे। रामेश्वर गुप्ता, अजीतसिंह नारंग, माला सिंह ठाकुर, हरेराम वाजपेयी, वैशाली खरे, प्रणिता दिक्षित, किशन सोमानी, सौरभ गोसर, बाबूलाल अग्रवाल, ओपी नरेड़ा, अशोक सोलंकी, कालूराम जैन, प्रमोद डफरिया, महेश गुप्ता, सुनील जैन, दिलीप वाघेला मौजूद थे।

# ज्वलेर्स और सोना-चांदी कारीगर हुए चिंतित

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विदेशी मुद्रा को लेकर अभी सोना नहीं खरीदने की अपील की है। लगातार दो दिनों की अपील से देश-प्रदेश के साथ इंदौर के भी ज्वेलर्स व्यापारी और निर्माण करने वालों के साथ कारिगरों में भी चिंता का विषय दिखाई देने लगा है और देशभर के सराफा कारोबारियों और निवेशकों के बीच नई बहस भी छिड़ गई है। अपील के बाद ज्वेलरी बाजार में हलचल तेज हो गई है। व्यापारियों का कहना है कि यदि लोग लंबे समय तक गोल्ड खरीदने से दूरी बनाते हैं तो इसका असर केवल सराफा बाजार ही नहीं, बल्कि पूरे आर्थिक तंत्र पर दिखाई देगा। इस अपील को अलग-अलग नजरिये से भी लिया जा रहा है, जिसमें कोई इसे विदेशी आयात कम करने की रणनीति बता रहा है, तो कोई इसे निवेशकों के लिए बड़ा संकेत मान रहा है। बहुत बड़ी तादाद में सोना आयात होता है, जो हर साल आंकड़ा बढ़ा रहा है। इसका सीधा असर विदेशी मुद्रा पर आता है, जिससे विदेशी मुद्रा पर बढ़ते दबाव को लेकर प्रधानमंत्री ने अपील की है ऐसा माना जा रहा है। ज्वेलर और एसोसिएशन पदाधिकारी यह मान रहे हैं कि प्रधानमंत्री की अपील का असर सीधा ग्राहकों पर पड़ सकता है क्योंकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अपील को लोग गंभीरता से लेते हैं। इससे बाजार में खरीदारी की धारणा बदल सकती है। उन्होंने कहा कि यदि गोल्ड खरीद कम होती है तो इंटरनेशनल मार्केट में भी भारतीय बाजार की छवि प्रभावित हो सकती है। ज्वेलरी कारोबार में गिरावट आ सकती है और लोग चांदी की तरफ भी शिफ्ट हो सकते हैं, जिससे चांदी की कीमतों में भी तेजी देखी जा सकती है। कुछ व्यापारियों का यह भी कहना रहा कि पहले ही गोल्ड महंगा है इसका असर सीधा गोल्ड व्यापार पर है और अब प्रधानमंत्री की अपील का असर हुआ तो इसका सीधा असर ज्वेलरी व्यापार से जुड़े कारीगर, डिजाइनर, पॉलिश वर्कर और छोटे व्यापारी पर पड़ेगा, जो इस उद्योग पर निर्भर हैं। कुछ का कहना है कि गोल्ड में लोग निवेश कर रहे हैं इसी कारण अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में सोना लगातार महंगा हो रहा है उस पर नियंत्रण के लिए प्रधानमंत्री ने यह अपील की है। भारत में गोल्ड की जबर्दस्त मांग है, जिससे आयात बिल बढ़ रहा है, ऐसे में सरकार अब गोल्ड के बजाए दूसरी जगह निवेश के लिए प्रेरित करना चाहती है। सरकार को चाहिए कि ज्वेलरी एक्सपोर्ट हो और ज्वेलरी का निर्यात भारत से बढ़े इस पर ध्यान देना चाहिए। इससे कारिगरों को काम भी मिलेगा, रोजगार भी बढ़ेगा और आय में भी वृद्धि होगी। बहुत बड़ी संख्या में ज्वेलरी निर्माण में कारीगर लगे हैं जो बंगाल से भी आए हुए हैं और बड़ी संख्या में व्यापार से भी ज्वेलर जुड़े हैं। हजारों की संख्या में परिवार है, जिन पर प्रधानमंत्री की अपील का असर पड़ सकता है।

# कांग्रेस की सीधी चेतावनी, आज तक पानी की व्यवस्था ठीक करो

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**नहीं तो तीन दिन बाद चक्काजाम, जनता की समस्या को लेकर गांधी भवन में आज मैराथन बैठक**

शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने सीधी निगम को चेतावनी दी है कि जनता की समस्या जो जल समस्या के रूप में बनी हुई है उसे आज शाम तक ठीक कर दिया जाए नहीं तो कांग्रेस 15 मई को सभी 22 झोनों का घेराव कर चक्काजाम भी करेगी। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि सभी 22 झोनल कार्यालय का घेराव एक साथ एक समय पर झोन के सामने सड़क पर जाम कर किया जाएगा। चौकसे ने कहा कि जनता पानी सहित अन्य समस्या से परेशान है और निगम की भाजपा परिषद और अधिकारी परेशानी को नजरअंदाज कर रहे हैं। इस साल सबसे ज्यादा पानी की समस्या निगम ने बना रखी है। जल प्रदाय की पूरी व्यवस्था का प्रबंधन बिगड़ा हुआ है। चौकसे ने सीधा-सीधा कहा कि अपर आयुक्त आशीष कुमार पाठक के कार्यालय का घेराव किया जाएगा वे भी पार्षदों और जनता की शिकायत पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। 22 झोन के अलावा अपर आयुक्त कार्यालय का घेराव भी कांग्रेस करेगी।



# वार्ड 51 में मैन रोड़ से लेकर भीतर तक रातों-रात बन गई नई डामर की सड़क

**इंदौर।** विधानसभा पांच के वार्ड 51 में रातों रात क्षेत्रिय पार्षद मलखान कटारिया के प्रयासों से निगम द्वारा क्षेत्र में सांवरिया धाम मंदिर के पीछे लगभग आधा दर्जन से ज्यादा कॉलोनियों से जुड़े मुख्य मार्ग पर लंबे समय से ऊबड़-खाबड़ सड़क पर गड्ढों से मुक्ति के लिए निगम द्वारा पेचवर्क कर रातों-रात नई डामर की सड़क बनाने का काम किया जा रहा है। जिसका फायदा यह होगा कि आने वाले दिनों में मानसून का सीजन शुरू होने वाला है। ऐसे में बारिश के दौरान लोगों को वार्ड 51 से जुड़े सांवरिया धाम मंदिर से लेकर पीछे तक के बड़े हिस्से में कमल नगर और आदमी कॉलोनी से जुड़े मुख्य मार्ग पर कीचड़ और गड्ढों से भी मुक्ति मिलेगी। जिसको लेकर निगम द्वारा क्षेत्रिय वार्ड 51 के पार्षद के मार्गदर्शन में गड्ढों से मुक्ति के लिए डामर की नई सड़क निर्माण का कार्य किया जा रहा है।

# गर्ग का हुआ सम्मान



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** शहर कांग्रेस के कोषाध्यक्ष शैलेश गर्ग का सम्मान गांधी भवन में उनके अवतरण दिवस के एक दिन बाद किया गया। पूर्व विधायक अश्विन जोशी के निधन के कारण देरी से सम्मान का आयोजन किया गया। इम्तियाज बेलिम, देवेन्द्रसिंह यादव सहित अन्य मौजूद थे।

# आम आदमी पार्टी पदाधिकारियों ने किया विमोचन

## पोस्टर व प्रचार सामग्री को किया लोकार्पित




इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

आम आदमी पार्टी इंदौर द्वारा पार्टी सदस्यता वृद्धि हेतु आप इंदौर जोड़ो कैंपेन प्रारंभ किया गया है। जिसके तहत पार्टी ने एक वाट्स एप्स व बारकोड जारी किया। कोड पर कोई भी आम आदमी जो पार्टी का सदस्य बनने की इच्छा रखता है इस वाट्स ऐप व बार कोड के माध्यम से जुड़ सकता है। आम आदमी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष कमल गुप्ता, संगठन मंत्री अनुराग यादव की मौजूदगी में सदस्यता अभियान प्रारम्भ किया गया। आप इंदौर जोडो कैंपेन अभियान का प्रभारी शाकिर हुसैन को बनाया गया है। पार्टी द्वारा इस हेतु पोस्टर व प्रचार सामग्री का विमोचन जारी किया गया। आप कार्यकर्ता घर घर जाकर मतदाताओं से मिलेंगे और उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए प्रयास करेंगे, इस माध्यम से जिले भर में व्यापक प्रचार प्रसार किया जाएगा और पार्टी से जुड़ने के लिए प्रेरित करेंगे।

# मिलन और सम्मान के आयोजन में जोशी को श्रद्धांजलि भी

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** ब्रह्मा वाटिका हातोद में पहले से निर्धारित स्नेह मिलन और सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। पूर्व विधायक सत्यनारायण पटेल सहित कई कांग्रेस नेता, कार्यकर्ता इस आयोजन में पहुंचे थे। मिलन और सम्मान के इस आयोजन में तीन बार के विधायक रहे अश्विन जोशी के निधन पर श्रद्धांजलि सभा कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। राधेश्याम पटेल, चेतन चौधरी, कृपाराम सोलंकी, गजेन्द्रसिंह राठौर, उमराव सिंह मौर्य, विक्रम मसताल, समंदर सहित अन्य मौजूद थे।



# महापौर और विधायक की जोड़ी ने कहा विकास निर्माण तेजी से हो

## अवरोधक निर्माण और बाधा हटाने के निर्देश

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि





राऊ विधानसभा के वार्ड 78 में आज महापौर पुष्यमित्र भार्गव और क्षेत्रीय विधायक मधु वर्मा ने दौरा किया। यहां निरीक्षण में स्वच्छता, विकास कार्यों और सड़क परियोजनाओं की व्यापक समीक्षा की गई। वहीं बारिश के पहले पूरी होगी ट्रेजर टाउन सड़क, महापौर ने दिए निर्माण तेज करने के निर्देश। ट्रेजर टाउन क्षेत्र में निर्माणाधीन सड़क परियोजना का अवलोकन भी किया और कहा कि बारिश के पहले सड़क पूरी हो और इसका लोकार्पण भी किया जाएगा। महापौर ने सड़क निर्माण में बाधा बन रहे अतिक्रमण और अवरोधक निर्माण को हटाने के निर्देश भी दिए और यह भी कहा कि जनहित में हो रहे विकास कार्यों में देरी स्वीकार नहीं की जाएगी। इस दौरान अभिषेक शर्मा बबलू, ओपी आर्य, अधिकारी अभय राजनगांवकर मौजूद थे। यहां कुछ हिस्से विवादित है उसे अभी छोड़ा जाएगा और बाकी कार्य को पूरा किया जाएगा। इस दौरान भार्गव और वर्मा, शर्मा, आर्य ने बिजलपुर स्थित निर्माणाधीन संप का भी निरीक्षण किया।

# आज और कल कांग्रेस की मैराथन बैठक

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने बताया कि जल समस्या को लेकर 22 झोन और अपर आयुक्त कार्यालय के घेराव के लिए तैयारियां चल रही है। आज झोन 1 से लेकर झोन 11 के अन्तर्गत आने वाले ब्लॉक, मंडलम, शहर पदाधिकारी, मोर्चा संगठन पदाधिकारियों की बैठक गांधी भवन में बुलाई गई है।

यह बैठक गांधी भवन में शुरू हुई, जो शाम 4 बजे तक चलेगी। जिनकी आज बैठक होगी वे कल 13 मई को अपने-अपने झोन और ब्लॉक के अन्तर्गत मंडलम और बूथ स्तर की बैठक करेंगे और कल फिर झोन 12 से लेकर झोन 22 तक की बैठक होगी और जिनकी कल बैठक होगी वे 14 मई को अपने झोन के अन्तर्गत बैठक करेंगे। कुल मिलाकर कांग्रेस आज और कल दो दिन मैराथन बैठक 22 ही झोन की कर रही है, जिसमें प्रदेश से लेकर बूथ स्तर के पदाधिकारी और मोर्चा संगठन से लेकर अन्य कांग्रेसी भी शामिल गांधी भवन के अलावा अपने-अपने क्षेत्र में भी बैठक में मौजूद रहेंगे। इसका एकमात्र उद्देश्य यही है कि हर झोन पर कांग्रेस संगठित दिखकर भीड़ जुटाए और आन्दोलन को दम-खम से दिखाए। कांग्रेस ने इसके लिए ब्लॉक स्तर से लेकर मंडलम स्तर तक जिम्मेदारी तय की हुई है। अब देखना होगा कि ब्लॉक अध्यक्ष अपने-अपने झोन क्षेत्र में कितना दम दिखाते हैं।

# कांग्रेस पार्षद के साथ रहवासियों ने किया पानी समस्या पर चक्काजाम





## पहले मटके खाली रखे, फिर फोड़े

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

वार्ड 45 की कांग्रेस पार्षद सोनिला मिमरोट के साथ कांग्रेसियों ने आज पानी की समस्या को लेकर विकास नगर स्थित त्रिवेणी पानी की टंकी पर लाला का बगीचा के रहवासियों के साथ पानी दो...पानी दो...के नारों के साथ रोड पर चक्काजाम किया। बीच रोड पर कुछ मटके रखे और फिर उन मटकों को फोड़ा गया। बीच रोड पर बैठे इन रहवासियों और कांग्रेसियों को गर्मी के मारे पानी की प्यास लगी तो एक महिला घर से पानी की बाल्टी भरकर लाई और सभी को पानी पिलाया। नारेबाजी, चक्काजाम, विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान अरविंद विश्वकर्मा, मोना बेथेड़ा, मनीराम कैथवास, कार्तिक मरमट, अमिताभ मिमरोट, कार्तिक वर्मा, बादशाह मिमरोट भी पार्षद के साथ मौजूद रहे।

# संघ और भाजपा के जिम्मेदार अपना सुरक्षा दस्ता वापस करें -कांग्रेस

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता एडवोकेट प्रमोद द्विवेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री के लगातार दो दिनों से अलग-अलग आग्रह को पहले संघ और भाजपा के नेता उपयोग में लाए। संघ संचालक मोहन भागवत और मंत्री कैलाश विजयवर्गीय अपना सुरक्षा दस्ता वापस करके केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की मजबूत कानून व्यवस्था का उदाहरण दें। देश भर में 21 राज्यों में भाजपा और गठबंधन की सरकारें है, ऐसे में सबसे पहले भाजपा अपने मुख्यमंत्री, मंत्री और अधीनस्थ अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी करवाए। वर्क फ्राम कार्यालय और होम से काम चले। सभी दूर सुरक्षा दस्ता कम किया जाए, बेवजह मंत्री अपने वाहन नहीं दौड़ाए, एक वाहन में कई अधिकारी अपने कार्यालय पहुंचे। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के पास भी सुरक्षा दस्ता है वे भी वापस लौटाए। खुद केन्द्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह इसका सबसे पहले उदाहरण पेश करें। म.प्र. से इसकी शुरूआत होना चाहिए और इंदौर में भी दो मंत्री के अलावा सांसद, विधायकों के पास भी कमांडों है वे भी वापस लौटाए, जिससे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अपील का असर सबसे पहले भाजपा पर दिखे फिर यह आम लोगों पर आए।

# कांग्रेस नेता बाकलीवाल अपने बेटे की डिग्री के लिए अमेरिका में रहे मौजूद



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। शहर कांग्रेस संगठन महामंत्री संजय बाकलीवाल इन दिनों अमेरिका में हैं। वहां उनका पुत्र श्रेयांश बाकलीवाल ने जो पढ़ाई की थी उसकी डिग्री दी गई इसीलिए संजय बाकलीवाल अपनी पत्नी के साथ डिग्री वितरण के समय अमेरिका में मौजूद रहे। श्रेयांश ने मास्टर आफ इंजीनियरिंग मैनेजमेंट में सैंट क्लाउड स्टेट यूनिवर्सिटी मिनेसोटा अमेरिका में दिक्षांत समारोह में डिग्री प्राप्त की। श्रेयांश बाकलीवाल को इस उपलब्धि पर निकट के कई लोगों ने बधाई दी।



# ठाकुर की पदभार रैली में पहुंचे भाजपा नेता



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। पाठ्य पुस्तक निगम के नवनियुक्त अध्यक्ष सौभाग्यसिंह ठाकुर की पदभार रैली कल भोपाल में निकाली गई। इंदौर से जुड़े भाजपा नेता सुनील पुरोहित के साथ अनिल सिकरवार, ललित यादव, सुधीर पाठक ने भी शिरकत की। पुरोहित ने बताया कि उन्होंने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल से भी भेंट की।

# टैलेंट हंट के चयनित प्रतिभागियों का भोपाल में इंटरव्यू

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। मध्यप्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग द्वारा आयोजित 'टैलेंट हंट प्रोग्राम' के अंतर्गत चयनित प्रतिभागियों के फाइनल इंटरव्यू आज और कल 13 मई को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय भोपाल में हो रहा है। मुकेश नायक ने बताया कि इस दो दिवसीय प्रक्रिया में प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर के प्रवक्ता, रिसर्च कोऑर्डिनेटर तथा पब्लिसिटी कोऑर्डिनेटर पदों हेतु चयन किया जाएगा। साथ ही पूर्व में आयोजित साक्षात्कार के आधार पर जिला एवं संभागीय प्रवक्ताओं का भी चयन किया जाएगा। इसमें जोनल कोऑर्डिनेटर अनिल यादव, स्टेट कोऑर्डिनेटर अखिलेश प्रताप सिंह, एआईसीसी मीडिया विभाग के कोऑर्डिनेटर अर्चित सिंह एवं टेक्निकल कॉर्डिनेटर अर्श खान सहित वरिष्ठ पैनल उपस्थित रहेंगी। युवा प्रतिभाशाली नेतृत्व तैयार करने का काम कांग्रेस कर रही है। इसके पूर्व क्षेत्रों में भी इंटरव्यू हुए थे। इस इंटरव्यू में इंदौर और संभाग से जुड़े कांग्रेस नेता भी शामिल है।

# स्वच्छ भारत मिशन की आंतरिक तैयारी की बैठक आज

## केंद्र सरकार के द्वारा कराए जाने वाले स्वच्छता सर्वेक्षण पर नजर

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**इंदौर नगर निगम के द्वारा स्वच्छ भारत मिशन की आंतरिक तैयारी की बैठक आज रखी गई है। यह बैठक केंद्र सरकार के द्वारा कराए जाने वाले स्वच्छता सर्वेक्षण को ध्यान में रखते हुए की जा रही है।**

इंदौर नगर निगम के अधिकारियों को इस समय स्वच्छता सर्वेक्षण का काम ही सबसे ज्यादा प्राथमिकता वाला काम के रूप में नजर आ रहा है। निगम के अधिकारी हर दिन सुबह शहर के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा करते हुए वहां पर स्वच्छता की स्थिति की समीक्षा करते हैं और जहां सुधार की आवश्यकता होती है वहां पर निगम के अधिकारियों कर्मचारियों को निर्देश दिया जाता है। हर दिन सुबह से निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल दौरे पर निकलते हैं और अलग-अलग क्षेत्र में जाकर स्वच्छता की स्थिति का आकलन करते हैं। महापौर पुष्यमित्र भार्गव भी इन दिनों लगातार दौरा करते हुए लोगों से स्वच्छता को लेकर संवाद कर रहे हैं और उन्हें बेहतर सहभागिता के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं।

इसके साथ ही हर एक-दो दिन में स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर बैठक का आयोजन किया जा रहा है। इस बैठक के माध्यम से नगर निगम के द्वारा सर्वेक्षण के लिए की जा रही तैयारी की समीक्षा की जा रही है और जहां पर कमी नजर आ रही है उस कमी को दूर करने की दिशा में काम किया जा रहा है। अभी कुछ दिन पूर्व तक इंदौर शहर स्वच्छता सर्वेक्षण में पब्लिक फीडबैक में बहुत पीछे था। यह स्थिति जब समीक्षा बैठक के दौरान सामने आई तो निगम के अधिकारियों के द्वारा फैसला लिया गया कि हमें अधिक से अधिक संख्या में पब्लिक फीडबैक ऑनलाइन सिस्टम पर डलवाना है। इसके बाद निगम के द्वारा इस कार्य के लिए अनुबंधित स्वयं सेवी संगठन को कम पर लगाया गया और उसका परिणाम है कि अब इंदौर पब्लिक फीडबैक के क्षेत्र में पूरे देश में टॉप कर रहा है। स्वच्छता सर्वेक्षण में इंदौर को प्रतिस्पर्धा के लिए मजबूर करने वाला गुजरात का सूरत नगर पब्लिक फीडबैक में बैक फुट पर है।

नगर निगम के अधिकारियों के द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए की गई तैयारी की आंतरिक तैयारी की स्थिति को देखने और समझने के लिए आज शाम 6:00 बजे समीक्षा बैठक रखी गई है। यह बैठक स्मार्ट सिटी कार्यालय के सभागार में होगी। बैठक निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल लेंगे। इस बैठक के माध्यम से यह देखा जाएगा कि क्या इंदौर नगर निगम को अभी आंतरिक तैयारी में भी कुछ और काम करने की आवश्यकता है। जो काम आवश्यकता की श्रेणी में निकल कर सामने आएंगे उन्हें प्राथमिकता की श्रेणी में रखते हुए हाथ में ले लिया जाएगा।

# निपानिया क्षेत्र में तीन डीपी में हुआ ब्लास्ट, अंधेरे में डूबा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। तेज गर्मी के बीच कल रात में तुलसी नगर क्षेत्र में तीन डीपी में ब्लास्ट होने की घटना हो गई। इसके परिणाम स्वरुप क्षेत्र के लोगों को बिना बिजली के ही रहना पड़ा। इतनी गर्मी में बिजली नहीं होने के कारण एसी, कूलर, पंखा कुछ भी नहीं चल पा रहा था। ऐसे में नागरिकों के लिए समय निकालना और नींद के आगोश में समाना मुश्किल हो गया था।**

**रहवासियों की बिना बिजली के मुश्किल हो गई रात काटना**

निपानिया, तुलसी नगर क्षेत्र में शहर में भीषण गर्मी के चलते तीन डीपी में देर रात में ब्लास्ट हो गया। रात 1 बजे पूरे इलाके में विद्युत सप्लाई बंद हो गई। इस स्थिति से क्षेत्र में रहने वाले नागरिक परेशान होने लगे। तेज गर्मी और उसके बीच में विद्युत सप्लाई बंद हो जाने के कारण किसी के लिए भी समय निकालना मुश्किल साबित हो रहा था। इन हालात के बीच में इन नागरिकों के द्वारा बिजली कंपनी के अधिकारियों से चर्चा करने की कोशिश की गई लेकिन कोई अधिकारी फोन उठाने और जवाब देने के लिए तैयार नहीं था। क्षेत्र के लोगों ने जब बिजली समस्या को लेकर बिजली कंपनी के द्वारा जारी किए गए टोल फ्री नंबर पर संपर्क करने की कोशिश की गई तो वहां भी उन्हें कोई रिस्पोंस नहीं मिला।

# रालामंडल के आसपास निर्माण पर रोक

## पहले से हो चुके निर्माण को तोड़ने या छोडने का फैसला कलेक्टर लेंगे

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

**खंडवा रोड पर 247 हेक्टेयर क्षेत्र में फैले रालामंडल अभयारण्य के आसपास के क्षेत्र में निर्माण पर रोक लगा दी गई है। इस क्षेत्र में पहले से किए हुए निर्माण को तोड़ा जाएगा या छोड़ा जाएगा इसका फैसला इंदौर के कलेक्टर लेंगे।**

सुप्रीम कोर्ट के द्वारा यह घोषित किया जा चुका है कि अभयारण्य के आसपास के 100 मीटर के क्षेत्र में कोई निर्माण नहीं हो सकता है। सुप्रीम कोर्ट की इस गाइडलाइन को इंदौर के रालामंडल के अभयारण्य पर लागू करने की तैयारी की जा रही है। वन विभाग के द्वारा संचालित किए जा रहे इस अभयारण में बड़ी संख्या में शीतल सांभर नीलगाय और अन्य जानवर है। इन सभी जानवरों के जीवन को बचाने के लिए यह आवश्यक है कि इस अभयारण्य के आसपास के 100 मीटर के क्षेत्र में सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के अनुसार किसी भी तरह के पक्के निर्माण पर रोक लगा दी जाएं। अब वन विभाग के द्वारा यह रोक लगाने के लिए पहल कर दी गई है।

विभाग की ओर से जारी की गई एस ओ पी में कहा गया है कि अब इस अभयारण्य के आसपास के क्षेत्र में किसी भी तरह के नए निर्माण के लिए कोई अनुमति नहीं दी जाएगी। इसके साथ ही बिना अनुमति के अवैध रूप से भी निर्माण नहीं होने दिया जाएगा। एक तरफ जहां यह फैसला ले लिया गया है तो वहीं दूसरी तरफ एक बड़ा प्रश्न यह है कि जो निर्माण 100 मीटर के दायरे में पहले से हो चुके हैं उनका क्या होगा? इस तरह के निर्माण को तोड़ने और छोड़ने का फैसला अब कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक और वन मंडल अधिकारी की टीम के द्वारा लिया जाएगा। इस टीम के द्वारा यह देखा जाएगा कि वर्तमान में जो निर्माण वहां पर मौजूद है उनमें से किस निर्माण को तोड़ा जाना चाहिए और किस निर्माण को छोड़ा जाना चाहिए।



### पहले भी हुई थी पहल

रालामंडल अभयारण्य के आसपास के क्षेत्र को सीमेंट कंक्रीट का जंगल बनाने से रोकने की पहल पहले भी की गई थी। उस समय राजनीतिक हस्तक्षेप के चलते हुए नियमों को सख्ती के साथ लागू नहीं किया जा सका था। ध्यान रहे इंदौर शहर और ग्रामीण क्षेत्र में यह एकमात्र इतना बड़ा ग्रीन बेल्ट का क्षेत्र है जहां पर की लोगों का आना-जाना भी होता है और वहां पर बड़ी संख्या में लगे हुए पेड़ और पौधे ऑक्सीजन देने का काम करते हैं। इस स्थिति के कारण इस स्थान को ऑक्सीजन की फैक्ट्री के रूप में पहचाना जाता है।

# एमआईसी सदस्य भी करेंगे अब स्वच्छता सर्वेक्षण तैयारी की मॉनिटरिंग

## महापौर ने परिषद सदस्यों को सौपी जिम्मेदारी, हर रोज करनी होगी फील्ड विजिट

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने स्वच्छता सर्वेक्षण-2026 में नंबर-1 बनाए रखने हेतु 22 जोनों की कमान एमआईसी सदस्यों को सौंपी है। देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर ने स्वच्छता सर्वेक्षण-2026 में लगातार अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखने के लिए व्यापक रणनीति लागू कर दी है। पुष्यमित्र भार्गव ने शहर के सभी 22 जोनों की जिम्मेदारी नगर निगम के एमआईसी (मेयर-इन-काउंसिल) सदस्यों को सौंपते हुए स्वच्छता, विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रतिदिन निगरानी के निर्देश दिए हैं।

**हर रोज करना होगा दौरा-** महापौर ने स्पष्ट किया कि सर्वेक्षण पूर्ण होने तक प्रत्येक एमआईसी सदस्य अपने आवंटित जोनों का रोजाना दौरा करेगा, क्षेत्रीय अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करेगा और स्वच्छता कार्यों की गुणवत्ता, नागरिक सुविधाओं तथा विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करेगा। सभी सदस्यों को अपनी कार्यवाई का विस्तृत प्रतिवेदन तैयार कर आगामी बैठक में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि प्रगति की नियमित समीक्षा की जा सके।

**कौन कहां करेगा निगरानी, जानिए-** राजेंद्र राठौड़ जोन 1 और 4, अश्विनी शुक्ला जोन 2, 13 और 14, निरंजनसिंह चौहान जोन 7, 8 और 15, राजेश उदावत जोन 10 और 19, अभिषेक शर्मा 'बबलू' जोन 12 और 17, नंदकिशोर पहाड़िया जोन 3, 9 और 16, प्रिया दांगी जोन 5 और 6, मनीष शर्मा 'मामा' जोन 11, 18 और 21, राकेश जैन जोन 20 और 22

**हर जोन पर रहेगी पैनी नजर-** महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि स्वच्छता केवल नगर निगम का अभियान नहीं, बल्कि शहर की पहचान और नागरिकों के गौरव का प्रतीक है। एमआईसी सदस्यों की प्रत्यक्ष भागीदारी से प्रशासनिक जवाबदेही बढ़ेगी, विकास कार्यों में तेजी आएगी और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अधिक प्रभावी ढंग से नागरिकों तक पहुंचेगा ।लगातार स्वच्छता में राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी रहे इंदौर ने एक बार फिर स्पष्ट कर दिया है कि नंबर-1 की दौड़ में बने रहने के लिए वह तैयारी, प्रबंधन और जनभागीदारी तीनों मोर्चों पर पूरी ताकत से जुटा हुआ है।

**15 मई के बाद सर्वेक्षण टीम इंदौर आएगी-** वही स्वच्छता सर्वेक्षण में अव्वल आने के लिए नगर निगम के अधिकारियों ने पूरी तरह से अपनी ताकत झोंकना शुरू कर दी है लगातार सड़कों पर दिखाई देने वाली गंदगी को लेकर कार्रवाई की जा रही है, लेकिन नदी नालों में कचरा दिखाई दे रहा है। शहर में सौंदर्य करण के कार्य चल रहे हैं जहां पेंटिंग खराब हो चुकी है वहां नई रंगी पुताई के काम किया जा रहे हैं ग्रीन बेल्ट को ठीक करने का प्रयास किया जा रहा है यहां नए पौधे लगाए जा रहे हैं। नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने कहा कि 15 मई के बाद सर्वेक्षण के लिए टीम इंदौर आ सकती है, इसलिए हाथ से तैयारी की जा रही है लापरवाही करने वाले कर्मचारी और अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दे दिए गए हैं कि सर्वेक्षण के दौरान यदि कोई गंभीर लापरवाही होती है तो सीधे सेवा समाप्ति की कार्रवाई की जाएगी।

# ठेला जब्त करने आए निगमकर्मी तो आम बेचने वाले ने खुद के गले पर रख लिया चाकू

## बोला-ठेले ले गए तो जान दे दूंगा

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** कल दोपहर निगम की रिमूव्हल गैंग पलसीकर क्षेत्र में एक आम का ठेला जब्त करने पहुंची तो हाई वाल्टेज ड्रामा हुआ। ठेले वाले ने खुद जान देने की बात कही। हालांकि निगम कर्मियों ने ठेले वाले को बक्श दिया। जिसके बाद अब अन्य ठेले वाले भी इस प्रकार के बचाव पर जोर देंगे।





पलसीकर कालोनी क्षेत्र में मोहम्मद शाहरुख सिद्दीकी आम बेच रहा था। पहले वह पलसीकर चौराहा के पास खाना खाने पहुंचा जैसे ही वहां से निकला तो एक महिला ने उसके ठेले से आम खरीदे जब वह आम तौल रहा था इसी दौरान निगम की रिमूव्हल गैंग आ गई। कर्मचारियों ने ठेला सडक किनारे लगवाया और आम भरने को कहा तभी ठेला चालक विरोध करने लगा, लेकिन निगम कर्मी नहीं माने तो शाहरुख ने कई मन्नतें की, जब बात नहीं बनी तो उसने ठेले पर रखा चाकू अपने गले पर रख लिया और कहा कि वह जान दे देगा। यह देख निगम कर्मचारी भी चौक गए। उन्होंने युवक को समझाया और उसका ठेला छोड़ दिया। रिमूव्हल गैंग ने आसपास के ठेलों पर जरुर कार्रवाई की। ऐसे में अब चर्चा चल पडी है कि ठेले वाले अपने बचाव में ऐसा नाटक कर सकते है। हालांकि निगम कर्मी जब ठेला और माल जब्त करते है तो ठेले वालों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो जाता है और उसी के बचाव में ठेले वाले अलग-अलग कदम उठाते है।



# चोरी गई नवग्रह जिनालय की मूर्ति स्थापना को लेकर विधान पूजन

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** नवग्रह जिनालय, ग्रेटर बाबा परिसर में विगत दिनों हुई जिनेंद्र प्रतिमा चोरी के बाद प्रतिमा पुनः स्थापित हो, इसी भावना के साथ दिगंबर जैन सोशल ग्रुप इंदौर नगर द्वारा शांति विधान पूजन आराधना का आयोजन किया गया।

## भारतीय ज्ञान परंपरा आधारित शिक्षा पर मंथन

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास,नई दिल्ली एवं एसजीएसआईटीएस के संयुक्त प्रयास से भारतीय ज्ञान परंपरा,शिक्षानीति 2020 एवं विकसित भारत 2047 में शिक्षा से समाज में परिवर्तन पर एसजीएसआईटीएस ऑडिटोरियम में मंथन किया गया। डॉ. अतुल कोठारी, डॉ. नीतेश पुरोहित, ओमप्रकाश शर्मा, डॉ. राकेश सिंघई, शोभा पैठणकर, रामसागर मिश्र,डॉ.मनोज्ञ भंडारी, डॉ. दिनेश, डॉ गोविंद सिंघल, कुंभन खंडेलवाल,डॉ. जितेंद्र असाटी, दीपक यादव, दिनेश दवे, अवधेश यादव मौजूद थे।



# लंगरे नियाजी के बाद हुआ उर्स का समापन





### कुल की फातेहा के साथ रंग महफिल

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** हजरत नियाज अली सरकार का 137वां उर्स का आयोजन किया गया। कल कुल की फातिहा के साथ रंग की महफिल सजी और उर्स का समापन भी हुआ। बड़ी संख्या में नियाज अली सरकार के मुरीद मौजूद रहे। इंदौर शहर के उलमा और सर्वधर्म के लोग शामिल हुए। दुआएं भी की गईं। नशे से दूर रहने के संकल्प भी दिलाए, लंगर का आयोजन भी किया गया। अशफाक हुसैन (गोलू), डॉ. सनव्वर पटेल, रेहान शेख, अजहर खान, परवेज खान (भूरा), जुबेर खान, सगीर खान (सग्गा), अनस रेडियो, डॉ. रिजवान पटेल, इस्माइल खान, साबिर हाशमी ने अपनी भूमिका निभाई।




# एम्प्लाइज एसोसिएशन की साधारण सभा

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** स्टेट बैंक ऑफ़ इंदौर रिटायर्ड एम्प्लाइज एसोसिएशन की साधारण सभा आयोजित की गई। 75 वर्ष से अधिक 28 सदस्यों का सम्मान किया गया। मंगेशकर सभागृह में सम्मानः एवं मालवी हास्य नाटक 'चली रया फजीता' का मंचन किया गया। 450 से अधिक सदस्य मौजूद रहे। कई योजना से लेकर मुद्दों पर जानकारी दी, भगवत गीता भी दी गई। एनएल माहेश्वरी, एन.के. जैन, के.के. जैन, प्रकाश छाजेड, जगदीश चौहान, रजनीश दवे सहित अन्य मौजूद थे।

# छात्रों को मिल रही भविष्य की तकनीकी उड़ान

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

छात्रों में उभरती एवं भविष्य की तकनीकों के प्रति अभिरुचि जागृत करने तथा उन्हें उद्योगों की बदलती जरूरतों के अनुरूप कौशल संपन्न बनाने के उद्देश्य से प्रेस्टिज इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग मैनेजमेंट एंड रिसर्च द्वारा अपने वार्षिक टेक्नो-कल्चरल फेस्ट 'उर्जोत्सव 2के26' के अंतर्गत तकनीकी महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस महोत्सव के माध्यम से विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, ड्रोन टेक्नोलॉजी और रोबोटिक्स जैसे अत्याधुनिक क्षेत्रों से रूबरू कराया जा रहा है। उर्जोत्सव के अंतर्गत 14 और 15 मई को दो दिवसीय सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इसमें इंटर-कॉलेज समूह एवं एकल गायन, नृत्य, कविता, शायरी और योग आर्ट प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी।





# समाधान योजना में चार दिन शेष

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** राज्य शासन की तीन माह या अधिक समय के बकाया बिल वाले उपभोक्ताओं के लिए लागू समाधान योजना की अंतिम तिथि 15 मई अत्यंत करीब है। योजना लाभ के लिए मात्र चार दिन शेष है। मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने बकायादार उपभोक्ताओं से योजना में शामिल होकर मूल बिल राशि जमा कराने एवं सरचार्ज में 90 प्रतिशत तक छूट का लाभ लेने की अपील की है। योजना में अब तक 9.40 लाख उपभोक्ताओं ने छूट लाभ लिया हैं, इन्हें 41.25 करोड़ से ज्यादा की छूट मिली है, जबकि कंपनी को लगभग 313 करोड़ रूपए का राजस्व प्राप्त हुआ हैं। योजना में सबसे ज्यादा लाभान्वित इंदौर जिला 1 लाख 1 हजार से ज्यादा, खरगोन जिला 96500, उज्जैन जिला 96000, रतलाम जिला 82000, धार जिला 81900 उपभोक्ता शामिल हैं। अन्य जिलों में 30 हजार से 70 हजार तक उपभोक्ता लाभान्वित हुए हैं।





# वोकेशनल स्कील डेवलपमेंट स्कील सेंटर शुरू

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** सर्व वेलफेयर कमेटी और सहयोगी संस्था एसईईडी और एमडब्ल्यूएसबी के तत्वावदान में वोकेशनल स्कील सेंटर का शुभारंभ खजराना में किया गया। इस अवसर पर शहर काजी डॉ. इशरत अली, मुफ्ती नुरूल हक, डॉ. सनव्वर पटेल, डॉ. सैयद इफ्तीखार, कुतुबुद्धि, अनीस कादरी मौजूद थे। इस सेंटर पर युवाओं को प्रतिभा निखारने का मौका मिलेगा।

# मुख्यमंत्री के नाम प्रशासन को ज्ञापन

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

बहुराष्ट्रीय कंपनियों (एमएनसीएस) के भीतर हिंदू महिला कर्मचारियों को निशाना बनाने वाली मानसिकता और संगठित 'कॉर्पोरेट जिहाद' के खिलाफ हिंदू जनजागृति समिति ने इंदौर प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय महिला आयोग के नाम ज्ञापन सौंपा। श्रीराम काणे, बेनीसिंह रघुवंशी, आनंद जाखोटिया, पंकज बजाज,संजय नबेरिया, गोपाल गंगराडे, सुशील शर्मा, विजय सचदेव, निर्मल पाटीदार, अर्जुन पंवार, शिवम माली, अवध साहू, पुष्पा सावंत प्रमुख रूप से उपस्थित थे।



## उठावना



हमारे कंवरसाहब एवं शैलेन्द्र, धर्मेन्द्र, योगेन्द्र, दीपक, ब्रजेश के पूज्य फूफाजी

**श्री टीकमदास जी चण्डक (कजलास वाले)**

का श्रीजी शरण दिनांक 10 मई 2026, रविवार को हो गया है।

जिनका **उठावना दिनांक 12 मई 2026, मंगलवार को दोपहर 3:00 बजे**

पाटीदार धर्मशाला, कजलास में रखा गया है।

शोक बैठक दिनांक 13 मई 2026 बुधवार को शाम 6 से 8 बजे तक 86 बैंक कॉलोनी अन्नपूर्णा रोड नरेंद्र तिवारी मार्ग इंदौर पर रखी गई है

**शोकाकुल :**

हीरालाल, हुकमचंद आगीवाल परिवार

पीपल्दा, इंदौर मो न 9425321516, 9827284971

# 40 साल पुराने ट्रांसफार्मर का क्रियाकल्प



**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी इंदौर के इंजीनियरों ने अपनी तकनीकी दक्षता का परिचय देते हुए लगभग 40 वर्ष पुराने 132/33 के वी के 40 एमवीए क्षमता वाले पावर ट्रांसफार्मर का इन-हाउस क्रियाकल्प कर उसे पुनः क्रियाशील बना दिया है। रिकंडिशनिंग के उपरांत इस ट्रांसफार्मर को इंदौर के 132 के वी सब स्टेशन इंदौर सिवनी में स्थापित कर पुनः ऊर्जीकृत किया गया। ज़गह पर ही इन ट्रांसफार्मर को ठीक इंजीनियरों ने किया जिनकी प्रशंसा मंत्री और अधिकारियों ने की है।



## 5100 किलो तरबूज से सजा अलीजा दरबार

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** ज्येष्ठ माह के दूसरे बड़े मंगलवार पर आज पंचकुइया रोड स्थित वीर अलीजा हनुमान मंदिर तरबूज से सजाया गया। अलीजा को 5100 किलो तरबूज अर्पण किए गए। उक्त जानकारी मंदिर के गादीपति पवनानंद महाराज ने दी।

## जागो ग्राहक जागरूकता शिविर



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** सेवा सेतु शिक्षा एवं जन कल्याण समिति के तत्वाधान में साइबर क्राइम एवं 'जागो ग्राहक जागो' विषय पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शैलेष त्रिपाठी, सरिता तिवारी, हिमांशु यादव, भारती सिंह, बंटी ठाकुर, रवि वर्मा, संजय तीसगांरकर, अजय भट्ट, धीरेन्द्र ओझा, योगेश शुक्ला, राजेश शुक्ला, मुकेश अमोलिया सहित अन्य मौजूद थे।



## जैन दम्पतियों ने किया आयोजन

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** जैन श्वेतांबर सोशल ग्रुप एक्सीलेंट ग्रुप के दम्पति सदस्यों ने नखराली ढाणी राऊ पर कार्यक्रम आयोजित किया। अशोक प्रमिला बोहरा, सुधीर संगीता सेठिया, राजेश संगीता संचेती मौजूद थे।

## गुर्जर महासभा में राम की नियुक्ति



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** सकल गुर्जर समाज महासभा म.प्र. इकाई में उपाध्यक्ष पद पर राम गुर्जर की नियुक्ति रमेश गुर्जर, सुनील गुर्जर ने की। इसी नियुक्ति पर संतोष गुर्जर, गौरीशंकर मुरलिया, ब्रजमोहन टाले, गुर्जर कमलेश चौधरी, आशीष गुर्जर, हरिओम पाटिल, सुबोध गुर्जर, महेश टाले, राजकुमार गुर्जर, लोकेंद्र गुर्जर, सुनील छलोत्रे, हरिहरसिंह चौहान ने बधाई दी।



## ब्राह्मण महिलाओं का सम्मान

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** सरयूपारिण ब्राह्मण महिला समिति के तत्वावधान में मालवा मील स्थित सभागार में माता और सासू का पूजन कर तुलसी माला भेंट कर उनका सम्मान किया। डॉ. रजनी पांडेय, रश्मि तिवारी, रेखा त्रिपाठी, रचना मिश्रा, जागृति दुबे, प्रीति दुबे सहित अन्य मौजूद थे।

## कत्थक नृत्य महोत्सव

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** गोविंद राम सेकसरिया कॉलेज में 'नृत्य सागर कत्थक केंद्र' द्वारा कथक नृत्य महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में इंदौर, उज्जैन और देवास के प्रतिष्ठित कत्थक गुरुजनों के शिष्यों ने प्रस्तुतियां दी। प्रेरणा श्रीमाली अतिथि थी।





## वीडी विंग्स का आयोजन

**इंदौर।** संस्था वीजी विंग्स ने मॉल में 80 प्रतिभागियों और 300 से अधिक दर्शकों ने मातृत्व दिवस पर आयोजन किया। प्रस्तुतिया दी गई। डॉ. अंशुल जैन, श्रेया अनासाने, आकाश, कन्हैया, नीलांजन, चेतन्य, कृपाल एवं आयुषी ने अपनी भूमिका निभाई।

## पोरवाल समाज के युवाओं ने ली शपथ



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** अ.भा. पोरवाल युवा संगठन के संस्थापक राजेन्द्र संघवी ने नवनियुक्त अध्यक्ष प्रणम्य पोरवाल एवं पदाधिकारियों को सामाजिक एकता, संस्कार, सेवाकार्य की शपथ दिलवाई। राजेश पोरवाल, नरेन्द्र उदिया, जितेन्द्र काला, अशोक पोरवाल, राजू धनोतिया, मनीष डाबकरा, देवेन्द्र पोरवाल, घनश्याम पोरवाल, राजेश सेठिया, विशाल पोरवाल, रमेश पोरवाल, तेजकरण पोरवाल, राजेन्द्र गुप्ता, मुकेश पोरवाल, प्रणम्य पोरवाल, प्रियंका कामरिया, सुधा मेहता, संगीता पोरवाल, नितेश पोरवाल, शिवम मेहता, आनन्द पोरवाल ने भी अपनी भूमिका निभाई।

## भगवान परशुरामजी की यशोगाथा पर व्याख्यान

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** आद्य गौड़ ब्राह्मण सेवा न्यास के तत्वावधान में श्री श्रीविद्याधाम पर भगवान परशुराम की यशोगाथा मे अनेक भ्रांतियों को दूर करने वाला व्याख्यान हुआ। घरों में पक्षियों के लिए सकोरे छत पर रखने साथ में दाना-पानी रखने का संकल्प भी दिलाया।



## फाउंडेशन ने दी बच्चों को स्वास्थ्य और सुरक्षा की सीख

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** विद्योत्तमा फाउंडेशन द्वारा बहुउद्देशीय सेवा समिति संस्था में बच्चों के शारीरिक, मानसिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विषय पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य और सुरक्षा की सीख दी गई, जिसमें गुड एंड बैड टच की जानकारी भी दीगई, ध्यान भी कराया गया। सुबोध मिश्र, दिनेश तिवारी, डॉ. पूनम विशाल ज्वेल, शीला चंदन, डॉ. अखिलेश राव, स्वातिसिंह राठौर, डॉ. विनितासिंह चौहान मौजूद थे।

## जय गुरुदेव के अनुयायी लेंगे प्रसादी का लुत्प

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** स्वामी जय गुरुदेव महाराज को याद कर भंडारा पर्व का आयोजन 15 मई को मिर्जापुर तेजाजी नगर स्थित आश्रम पर आयोजित किया जाएगा। छतरसिंह राजावत ने बताया कि शुक्रवार को सुबह 8 बजे से पूजन, आरती के बाद सुबह 11 बजे से सत्संग आयोजन होगा। नशा मुक्त और शाकाहार का संदेश और संकल्प आयोजन होगा। सत्संग समापन के बाद महाप्रसादी का आयोजन होगा, जिसमें जय गुरुदेव के अनुयायी प्रसाद ग्रहण करेंगे। इस आयोजन इंदौर के अलावा इंदौर-उज्जैन संभाग और बाहर से भी अनुयायी शामिल होंगे।

## अन्नपूर्णा मंदिर में होगा भागवत का मूल पारायण

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

अन्नपूर्णा मंदिर में पुरुषोत्तम मास के अन्तर्गत 17 मई से 15 जून तक प्रतिदिन सुबह 9 से 12 बजे एवं दोपहर 3 से 6 बजे तक 108 विद्वानों द्वारा 108 भागवत का मूल पारायण होगा। दिव्य अनुष्ठान के लिए ईश्वरानन्दगिरि महाराज का मार्गदर्शन और आचार्य कल्याणदत्त शास्त्री का निर्देशन मिलेगा। आयोजन से विनोद अग्रवाल, टीकमचंद गर्ग, दिनेश मित्तल, पवन सिंघानिया जुड़े हुए हैं।

# युवा माहेश्वरी रहे आवासीय शिविर समापन पर मौजूद

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट



इंदौर जिला माहेश्वरी युवा संगठन द्वारा आयोजित 5 दिवसीय 'बाल संस्कार आवासीय शिविर - प्रकृति की खोज' का समापन किया गया। शिविर में 9 से 14 आयुवर्ष के 80 से अधिक बच्चों ने प्रकृति को जाना। वहीं अनुशासन, आत्मनिर्भरता और भारतीय संस्कारों से जुड़ी अनेक प्रेरणादायक गतिविधियों का अनुभव प्राप्त किया। मोबाइल और डिजिटल दुनिया से यह बच्चे पांच दिनों तक दूर रहे। खेलकूद, सांस्कृतिक गतिविधियाँ, संध्या आरती, कीर्तन और प्रेरणादायक सत्र बच्चों के व्यक्तित्व विकास का माध्यम बने। साहसिक गतिविधियों जैसे जिप लाइन, रॉक क्लाइम्बिंग, रैपलिंग, नेचर ट्रेकिंग, के साथ-साथ टीम बिल्डिंग गेम्स योग, ध्यान, कैंप फायर, म्यूजिकल नाईट और तारों की दुनिया को करीब से जानने जैसी गतिविधियों में बच्चों ने पूरे उत्साह से भाग लिया। कार्यक्रम में रवीन्द्र राठी, राजकुमार साबू, अश्विन लखोटिया, युगल किशोर राठी, श्याम सारडा, गौरव दरक का विशेष सहयोग मिला। राम सोमानी, वेदांत भूतडा, आदर्श चितलांग्या, राहुल काबरा, पद्मेश माहेश्वरी, विजय माहेश्वरी, अमिता मंत्री, नेहा माहेश्वरी, दिव्यांशी माहेश्वरी, माहिका झंवर, सर्वेश गट्टानी, श्रीधर माहेश्वरी, दर्श माहेश्वरी, अनिल बियाणी, संकेत बाहेती, प्रतीक माहेश्वरी, आदित्य नवाल, विकास असावा ने अपनी भूमिका निभाई। माहेश्वरी समाज के वरिष्ठजन और महिला पदाधिकारी भी आयोजन में शिरकत करने पहुंची थी।



## सदाबहार नगमों की सौगात

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। हिंदी साहित्य भवन में एन के सुर साधना म्यूजिकल ग्रुप द्वारा सदाबहार नगमो का संगीत कार्यक्रम आयोजित किया गया। दीक्षा दुबे, अनिल भवलकर, रणवीर, सुनीता, तैयब, आरजू, इसरार, सुनील ने नगमों की प्रस्तुति दी। नदीर खान, जयेश कोठारी ने भी अपनी भूमिका निभाई।

## जैन बोले, इस्तीफा समस्या का हल नहीं

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। दिगम्बर जैन समाज के वरिष्ठ और ज्योतिषाचार्य एम.के. जैन ने सामाजिक संसद के उपाध्यक्ष पद से इस्तीफा देने वाले आनंद कासलीवाल से कहा कि इस्तीफा देने के पहले किनारे से गंगाजी को बहते देखना था और स्नान करने के लिए गंगाजी में कूदना है, बाहर रहकर सूखे ही रहना पडेगा, अन्दर रह कर नापसंदगी को सुधार सकते थे, इस्तीफा देना समस्या का हल नहीं है। जैन ने यह भी लिखा कि आनंद भाई आपने जिन कारणों को गिनाया एक दम सही है किन्तु उनका सुधार अन्दर रहकर ही किया जा सकता था, स्तीफा समस्या का हल नहीं है, आम समाजजन नेतृत्व से पूरी तरह असंतुष्ट है, अन्य जैनेतर समाज में उसे उपहास सहना पड़ रहा है, आम जैन सदस्य चाहते हैं नेतृत्व एक हो, कैसे हो ये नेतृत्व की बहुत बड़ी जिम्मेदारी है

## बस परमिट प्रकरण एक सप्ताह में निराकरण करने के दिए निर्देश

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। आरटीओ कार्यालय में बस परमिटों को लेकर हो रही अनियमितताओं एवं लंबित प्रकरणों के चलते एक बस संचालक द्वारा अधिवक्ता के माध्यम से माननीय उच्च न्यायालय खंडपीठ इंदौर में याचिका प्रस्तुत की गई। उक्त प्रकरण की सुनवाई माननीय एकलपीठ न्यायमूर्ति प्रणय वर्मा के समक्ष हुई। सुनवाई उपरांत माननीय न्यायालय ने याचिकाकर्ता की याचिका स्वीकार करते हुए संबंधित आरटीओ अधिकारी को निर्देशित किया कि बस परमिट संबंधी प्रकरण का निराकरण 7 दिवस की अवधि में किया जाए। याचिकाकर्ता की ओर से प्रकरण की पैरवी अधिवक्ता प्रणव रामविलास वर्मा द्वारा की गई। अधिवक्ता प्रणव वर्मा ने बताया कि आरटीओ की धीमी एवं लापरवाह कार्यप्रणाली के कारण बस संचालक को लगातार आर्थिक हानि का सामना करना पड़ रहा था। आवश्यक कार्यवाही समय पर नहीं होने के कारण याचिकाकर्ता को माननीय उच्च न्यायालय की शरण लेना पड़ी।

## सिंधु इंजीनियर्स के चुनाव में सिंधी समाजजन बने पदाधिकारी



इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। सिंधु इंजीनियर्स की साधारण सभा और चुनाव का आयोजन किया गया। चुनाव अधिकारी मनोहर नागपाल ने बताया कि अध्यक्ष चंद्रकुमार कुकरेजा, उपाध्यक्ष अमरलाल चुघ, पूर्व अध्यक्ष मोतीराम बलानी, सचिव महेश दादवानी, सहसचिव करण रमानी, कोषाध्यक्ष दिलीप जेठानी, मनोहर देव, मोहिनेश जगवानी, जीबी बदलानी,अरुण नागरानी मनोहर मांधवानी, रमेश सीतलानी, मनोहर नागपाल, प्रवीण फतेहचंदानी का चयन हुआ। पदाधिकारियों को सिंधी समाजजनों ने बधाई दी।

## जैन ग्रुप ने लगाया जांच शिविर

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप सीनियर सिटीजन,चोइथराम नेत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में बाल विनय मंदिर स्कूल दशरथ बाग पर नेत्र शिविर में 190 मरीजों ने लाभ लिया 20 मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयन किया गया। 115 चश्मे रियायती दरों पर दिए गए। चिकित्सकों ने सेवाएं दी।



## एलुमनाई मीट में 100 से अधिक पूर्व छात्र शामिल



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

आईपीएस एकेडमी इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट में उस समय यादगार बन गई, जब 20 से 28 साल बाद विभिन्न बैचों के पूर्व छात्र-छात्राएं एक बार फिर अपने पुराने कॉलेज कैंपस में एकत्रित हुए। इस एलुमनाई मीट में एडमिशन बैच 2017 तक के 100 से अधिक पूर्व विद्यार्थियों ने भाग लिया और पुरानी यादों को ताजा करते हुए अपने वर्तमान जीवन के अनुभव एक-दूसरे के साथ साझा किए। अमरदीप सिंह, श्वेतांगी, हंसिका ने बताया कि पूर्व छात्रों ने वर्तमान छात्रों से चर्चा भी की। पुराने पल याद कर सभी भावुक भी हुए।

## 56 दुकान पर हुआ नारी शक्ति का सम्मान

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। हेल्थ केयर सोल्जर द्वारा 56 दुकान परिसर में मातृशक्ति, वीर नारियों, सफाई दीदियों, माताओं एवं बहनों के योगदान को सम्मानित किया गया। सामग्री भी भेंट की गई। डॉ. रवीन्द्र काले, नंदन प्रभु, कर्नल यादवेंद्र सिंह यादव, मीर रंजन नेगी, गुंजन शर्मा, डॉ. संदीप जुल्का और व्यापारी मौजूद रहे।





## दुबे की प्रतिमा पर माल्यार्पण

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। अ.भा. स्वतंत्रता सेनानी परिवार कल्याण परिषद द्वारा ग्राम श्रीराम तलावली गांधी धाम में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी रामप्रसाद दुबे की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर कैंडल प्रज्वलित कर कैंडल मार्च एवं राष्ट्र गान भी किया गया।

## छत पर रखवाए पानी के सकोरे



इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। श्री राम मंदिर पंचकुइया आश्रम की छत पर सेवा कार्य के अन्तर्गत तेज गर्मी में पक्षियों को दिक्कत ना हो इसलिए मंदिर की छत पर सकोरे रखवाए और सभी से अपनी छत और बालकनी पर सकोरे और दाने रखने का अनुरोध किया। नारायण अग्रवाल, रामकरण शर्मा, मोंटू अग्रवाल सहित अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# लालबाग के साथ अब सेंट्रल म्यूजियम को भी संवारने की बारी

### संग्रहालय के भीतर के साथ अब बाहरी हिस्से में भी होंगे सौंदर्यकरण के कार्य

**इंदौर।** पुरातत्व विभाग द्वारा वर्तमान में जिस तरह से लालबाग में करोड़ों रुपए खर्चकर ऐतिहासिक धरोहर में भीतर से लेकर बाहर तक सौंदर्य करण के कई काम एक साथ किए जा रहें है। उसी तरह अब इंदौर के केंद्रीय संग्रहालय (सेंट्रल म्यूजियम) को भी सजाने-संवारने की भी बारी आखिर लंबे समय बाद अब जाकर आ गई है। जिसके तहत पुरातत्व विभाग द्वारा लालबाग के बाद चिड़ियाघर के पास स्थित केंद्रीय संग्रहालय के सौंदर्यकरण का काम भी इन दिनों तेजी के साथ शुरू कर दिया है। यही नहीं इसको लेकर रात में बाहरी हिस्से में काम हो रहा है।

जिसके तहत 100 साल से ज्यादा पुराने केंद्रीय संग्रहालय के भीतर के विकास के साथ अब विभाग करोड़ों रुपए खर्चकर बाहरी सौंदर्यकरण के कार्यों को लेकर भी लंबे समय के बाद अब कई काम एक साथ करने की तैयारी है। जिसके तहत सबसे पहले प्रबंधन द्वारा बाहरी सुरक्षा बाउंड्रीवॉल तोड़कर नई बनाने का काम किया जा रहा है। इसके अलावा अब यहां के सालों पुराने मुख्य प्रवेश द्वार को तोड़कर भी जल्द इसकी जगह नया भव्य आकर्षक डिजाइन वाला लम्बा-चौड़ा नवीन प्रवेश द्वार बनाने की तैयारी शुरू हो गई है। साथ ही करोड़ों रुपए खर्च कर भीतर से लेकर बाहर तक सालों पुराने संग्रहालय में भी अब सब कुछ नया नजर आएगा।



**केंद्र और राज्य सरकार द्वारा प्रस्तावित बजट मंजूरी के बाद शुरू हुआ काम-** गौरतलब है कि पुरातत्व विभाग द्वारा केंद्र और राज्य सरकार के द्वारा प्रस्तावित बजट के अनुसार करोड़ों रुपए की लागत से जहां एक तरफ लालबाग को संवारा जा रहा है। वहीं अब सेंट्रल म्यूजियम यानी केंद्रीय संग्रहालय को भी भीतर से लेकर बाहर तक सजाने - संवारने को लेकर तेजी के साथ काम शुरू कर दिया गया है। जिसके तहत पहले चरण में जहां पिछले साल भीतर के हिस्से को सजाने-संवारने के साथ सालों पुरानी गैलरी में भी बदलाव किया गया था। साथ ही रंगाई और पुताई के साथ सौंदर्यकरण को लेकर अन्य काम भी किए गए थे। वहीं अब संग्रहालय में अगले चरण में बाहर से भी सौंदर्यकरण और विकास के अन्य कार्य किए जा रहे है।

**बाहर के पुराने मुख्य प्रवेश द्वार की जगह बनेगा नया भव्य इंट्री गेट-** योजना के मुताबिक बाहरी एंट्री गेट को तोड़कर नया भव्य आकर्षक दिखने वाला डिजाइनर प्रवेश द्वार बनाया जाएगा। जिस पर रोशनी के लिए आकर्षक दिखने वाली लाइटिंग भी लगाई जाएगी। जिससे रात में भी एंट्री गेट चमकता हुआ नजर आएगा। इसके अलावा बाहरी हिस्से की चारों तरफ सुरक्षा बाउंड्री वॉल बनाने का काम भी इन दिनों तेजी के साथ चल रहा है। इसके अलावा केंद्रीय म्यूजियम में भीतर से लेकर बाहर तक अन्य सजाने-संवारने के साथ विकास के कई अन्य कार्य भी किए जाएंगे, जो आने वाले दिनों में संग्रहालय आने वाले दर्शकों को दूर से ही नजर भी आएंगे।

# स्कीम 140 पर वैष्णो देवी मंदिर के सामने से लेकर बायपास तक फुटपाथ का काम

## पुराने उखाड़कर अब लाखों रुपए खर्चकर निगम करेगा नए लगाने का काम

**इंदौर।** विधानसभा पांच के वार्ड क्रमांक 50 के अंतर्गत स्कीम 140 पर वैष्णो देवी मंदिर के सामने से लेकर बायपास तक नवीन फुटपाथ निर्माण का काम निगम द्वारा शुरू कर दिया गया है। जिसके तहत निगम द्वारा पुराने टूटे-फूटे ब्लॉक उखाड़कर नए आकर्षक डिजाइन वाले ब्लॉक लगाकर पहले से ज्यादा खूबसूरत फुटपाथ बनाने का काम किया जा रहा है। इससे बड़ी बात यह है कि 100 फीट से ज्यादा चौड़ी रोड पर फुटपाथ बनने से पैदल चलने वाले आमजन को इससे ज्यादा फायदा होगा। यही नहीं इसके अलावा फुटपाथ की जगह पर अवैध कब्जा करके गुमटियां और ठेला लगाकर सड़क पर धंधा करने वालों से भी जगह मुक्त रहेंगी और आने जाने वाले लोगों की राह भी आसान होगी।




### फुटपाथ बनाकर स्कीम 140 मार्ग का होगा संवारने का कार्य पूरा

गौरतलब है कि निगम द्वारा पिछले साल सौंदर्यकरण योजना के अंतर्गत पिपलियाहाना तालाब से लेकर स्कीम 140 के बड़े हिस्से में अग्रवाल पब्लिक स्कूल चौराहे तक फुटपाथ बनाकर आकर्षक पेड़ पौधे लगाकर सजाने संवारने के कार्य किए थे। आकर्षक बेंच लगाकर सुबह-शाम घूमने वालों के लिए बैठक व्यवस्था भी की थी। वहीं अब निगम द्वारा एक बार फिर बचे हिस्से में वैष्णो धाम मंदिर से लेकर बायपास तक के हिस्से को संवारने के लिए दोबारा काम शुरू कर पहले चरण में फुटपाथ निर्माण कर फिर उस पर सौंदर्यकरण के काम भी किए जाएंगे।

## बारदान मंडी क्षेत्र में 88 लाख रु. से ज्यादा लागत से निगम जल निकासी की डालेगा बड़ी लाइन

**इंदौर।** राऊ विधानसभा के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 75 से जुड़े औद्योगिक क्षेत्र में बारदान मंडी में निगम बारिश से पहले जल निकासी के लिए 88 लाख 38000 रुपए के आसपास खर्चकर क्षेत्र के बड़े हिस्से में सालों बाद जल निकासी के लिए मुख्य मार्ग से लेकर भीतर तक बड़ी लाइन डालने का काम शुरू करेगा। यही नहीं इसके बाद जल्द सड़क निर्माण का कार्य भी शुरू होगा। जिससे बारिश के दिनों में क्षेत्र के व्यापारियों को कीचड़ और गंदगी से भी मुक्ति मिलेगी। साथ ही छोटे से लेकर बड़े वाहन चालकों की राह भी आसान होगी।

### विधायक के प्रयासों से पूरी होने जा रही है व्यापारियों की मांग

जिससे सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि औद्योगिक क्षेत्र के बड़े व्यापारी और उद्योगपतियों की लंबे समय बाद क्षेत्रीय विधायक मधु वर्मा से की जा रही बड़ी मांग अब जाकर आने वाले दिनों में बेहद जल्द पूरी होने जा रही है। यही नहीं इससे लोगों को बारिश से पहले अपने क्षेत्र में कीचड़ और गंदगी से भी मुक्ति मिलेगी। साथ ही आने वाले दिनों में निगम द्वारा व्यापारियों के जन सहयोग से इस एरिया में मुख्य मार्ग पर लाइन डालने के बाद निगम द्वारा हाथों हाथ नई सीमेंटेड सड़क का निर्माण भी किया जाएगा। जिसको लेकर भी निगम द्वारा क्षेत्र के व्यापारियों की मांग पर भविष्य की योजनाओं और जरूरतों को ध्यान में रखते हुए प्लानिंग के साथ काम शुरू करने की तैयारी भी कर ली है।

# होलकर साइंस कॉलेज से लेकर भंवरकुंआ चौराहे तक लंबे समय से सर्विस रोड पर छाया लापरवाही का अंधेरा

**इंदौर।** होलकर साइंस कॉलेज से लेकर भंवरकुंआ चौराहे तक के बड़े हिस्से में सर्विस रोड पर निगम ने लाखों रुपए खर्च कर छात्र-छात्राओं के लिए फुटपाथ बनाएं। आसपास ग्रीनरी और हरियाली के साथ सौंदर्यकरण के कार्य किए। यही नहीं लोगों के बैठने के लिए आकर्षक बेंचें भी लगाई। लेकिन लंबे समय से हालात यह है कि यहां की दोनों तरफ की मुख्य सर्विस रोड पर शाम से लेकर देर रात तक हमेशा अंधेरा छाया रहता है। यहां की सारी स्ट्रीट लाइटिंग लंबे समय से बंद पड़ी है। जिसके कारण अंधेरा का फायदा उठाकर यहां शाम के समय अक्सर असामाजिक तत्व एवम नशा करने वाले आकर बैठे रहते हैं। जबकि निगम द्वारा सौंदरीकरण कर छात्रों के घूमने और पढ़ाई करने के साथ आराम से शांति से बैठने के लिए व्यवस्था की थी। लेकिन लंबे समय से छाए लापरवाही के अंधेरे का फायदा उठाकर लोग यहां शराब खोरी और खुले आम नशा भी कर रहें है। लेकिन हद तो यह है कि कोई रोकने और टोकने वाला भी नहीं है।

**लंबे समय से लाइटिंग बंद होने से पढ़ाई की बजाय हो रही इश्क बाजी-** यही नहीं हालत यह है कि लंबे समय से लाइटिंग बंद होने से होल्कर कॉलेज और आर्ट एंड कॉमर्स कॉलेज के सामने छात्र और छात्राएं पढ़ाई की बजाय अंधेरा का फायदा उठाकर इस क्षेत्र में इश्कबाजी ज्यादा हो रही है। लड़की लड़कियां



अंधेरे का फायदा उठाकर आराम से यहां एकांत में बैठे रहते हैं जिन्हें रोकने और टोकने वाला भी कोई नहीं है।

## नवीन फुटपाथ निर्माण कार्य का शुभारंभ

**इंदौर।** एमवाय टेंपो स्टैंड से लेकर छावनी श्रद्धानंद मार्ग तक सड़क निर्माण के बाद अब निगम ने लाखों रुपए खर्च कर फुटपाथ निर्माण कार्य का शुभारंभ भी कर दिया है। जिसके अंतर्गत पिछले दिनों मुख्य मार्ग पर निगम द्वारा करोड़ों रुपए की लागत से लंबी - चौड़ी नई सीमेंटेड सड़क का निर्माण कार्य उषागंज चौराहे तक पूरा कर लिया गया है। वहीं अब इससे आगे के बचे हिस्से में ऊषागंज चौक से लक्ष्मी नारायण दूध वाले तक भी पहले से और ज्यादा चौड़ी सीमेंटेड सड़क निर्माण का कार्य भी इन दिनों खुदाई कर तेजी के साथ निगम द्वारा पूरा करवाया जा रहा है।

### फुटपाथ निर्माण कार्य से दिखने लगी खूबसूरती

वहीं दूसरी और अब निगम द्वारा एमवाय टेंपो स्टैंड चौराहे से बीजेपी कार्यालय के सामने से लेकर ऊषागंज चौराहे तक नवीन फुटपाथ निर्माण का कार्य इन दिनों तेजी के साथ चल रहा है। सड़क निर्माण के साथ जैसी जैसी जगह मिल रही है निगम द्वारा फुटपाथ निर्माण का कार्य भी तेजी के साथ पूरा किया जा रहा है। इधर भाजपा कार्यालय और जावरा कंपाउंड चौक के सामने से लेकर बड़े हिस्से में आकर्षक ब्लॉक से नया फुटपाथ बनने से खूबसूरती दूर से ही नजर भी आ रही है।

## संपादकीय

# कितना सही है यूपी सरकार का बेहतर कानून व्यवस्था का दावा?

सवाल है कि सरकार के दावों के बरक्स आखिर अपराधियों के भीतर कानून का खौफ क्यों नही है? जाहिर है कि इसके पीछे पुलिस की निष्क्रियता और लापरवाही जिम्मेदार है। उत्तर प्रदेश सरकार यह दावा करती आई है कि राज्य में कानून व्यवस्था बेहतर है, लेकिन हत्या की वारदात का सिलसिला थम नहीं रहा है। खासकर महिलाओं के खिलाफ अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं। चंदौली जिले में सोमवार को एक निजी अस्पताल में भर्ती महिला की गोली मार कर हत्या कर देने की घटना ने आम नागरिकों की सुरक्षा पर फिर से गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। इससे पता चलता है कि राज्य में महिलाएं कहीं भी सुरक्षित नहीं हैं। अपराधी हथियार लेकर सड़कों पर बेखौफ घूम रहे हैं और कभी भी बड़ी वारदात को अंजाम दे देते हैं। सवाल है कि अगर राज्य में कानून व्यवस्था के अनुपालन में वास्तव में सख्ती बरती जाती, तो क्या कोई अस्पताल में घुस कर महिला की हत्या कर सकता था? अपना इलाज करवाने के बहाने अस्पताल में घुसे हमलावर ने महिला पर गोली चलाने के बाद परिसर में हवा में भी गोलियां चलाईं और भागने की कोशिश की। हालांकि वहां मौजूद लोगों ने उसे पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। उत्तर प्रदेश में हत्या की घटनाएं जिस तरह से बढ़ी हैं, उससे लगता है कि सड़क से लेकर घर और अस्पताल में भी लोग सुरक्षित नहीं हैं। पिछले दिनों संभल जिले में कुछ लोग एक युवक को घर से खींच कर ले गए थे और बाद में सड़क पर उसकी हत्या कर दी गई थी। राज्य में इस तरह की घटनाएं अक्सर सामने आती रहती हैं। सवाल है कि सरकार के दावों के बरक्स आखिर अपराधियों के भीतर कानून का खौफ क्यों नहीं है? जाहिर है कि इसके पीछे पुलिस की निष्क्रियता और लापरवाही जिम्मेदार है। पुलिस तंत्र में तालमेल और त्वरित कार्रवाई का अभाव साफ नजर आता है। पुलिस के अपराध नियंत्रण के ढांचे में खामियों का फायदा अपराधी उठा रहे हैं। इस बात पर भी गंभीरता से विचार करने की जरूरत है कि सरकारी हो या निजी अस्पताल, वहां सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त किए जाने चाहिए। अगर कोई अपराधी हथियार लेकर अस्पताल के अंदर दाखिल होता है, तो यह वहां मौजूद सुरक्षाकर्मियों की लापरवाही को उजागर करता है। ऐसे में राज्य सरकार को अपराध पर नियंत्रण के लिए सही मायने में ठोस कदम उठाने होंगे।

# फील्डिंग-बॉलिंग ने डुबोया, श्रेयस अय्यर का फूटा गुस्सा, पंजाब किंग्स लगातार चौथी बार IPL में पस्त



**धर्मशाला.एजेंसी।** धर्मशाला में खेले गए आईपीएल मुकाबले में पंजाब किंग्स को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ तीन विकेट से हार झेलनी पड़ी. इस हार के बाद पंजाब के कप्तान श्रेयस अय्यर ने बिना किसी घुमावदार जवाब के सीधे तौर पर टीम की फील्डिंग और गेंदबाजी को हार की सबसे बड़ी वजह बताया. पंजाब किंग्स की यह लगातार चौथी हार रही.

मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए पंजाब किंग्स ने 5 विकेट पर 210 रन बनाए. युवा बल्लेबाज प्रियांश आर्य ने सिर्फ 33 गेंदों में 56 रन की विस्फोटक पारी खेली, जिसमें छह छक्के शामिल रहे. कप्तान श्रेयस अय्यर ने भी 36 गेंदों पर नाबाद 59 रन बनाकर टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया. हालांकि शुरुआती आक्रमण के बाद दिल्ली के तेज गेंदबाजों ने अपनी लेंथ बदली और रनगति पर कुछ हद तक लगाम लगाई.

जवाब में दिल्ली कैपिटल्स ने 19 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया. डेवि?ड मि?लर ने 28 गेंदों में 51 रन और कप्तान अक्षर पटेल ने 30 गेंदों में 56 रन की ताबड़तोड़ पारी खेलकर मैच पंजाब से छीन लिया. यह स्टेडियम में आईपीएल इतिहास का सबसे बड़ा सफल रन चेज भी बन गया.

मैच के बाद श्रेयस अय्यर ने कहा कि यह स्कोर इस पिच पर औसत से करीब 30 रन ज्यादा था. उनके मुताबिक विकेट पर सीमर्स को लगातार मदद मिल रही थी और गेंद में अनियमित उछाल भी था. अय्यर ने माना कि अगर गेंदबाज सही लाइन-लेंथ पर टिके रहते तो टीम मैच जीत सकती थी.

### हार के बाद अहमदाबाद की पिच पर उठाए सवाल

पंजाब कप्तान ने यह भी खुलासा किया कि उन्होंने इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर युजवेंद्र चहल को जल्दी गेंदबाजी देने के बारे में सोचा था, लेकिन पिच से तेज गेंदबाजों को मिल रही मदद देखकर उन्होंने अपना फैसला बदल दिया. अय्यर ने कहा कि नई बल्लेबाजी आने पर हार्ड लेंथ सबसे असरदार हथियार होती है, लेकिन उनकी टीम योजनाओं को सही तरीके से लागू नहीं कर सकी.

### अक्षर ने बताया मैच का टर्निंग पॉइंट

दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल ने कहा कि उनकी टीम लंबे समय से मैच के अहम पलों में पिछड़ रही थी, लेकिन इस बार खिलाड़ियों ने दबाव में बेहतर प्रदर्शन किया. अक्षर ने माना कि शुरुआती ओवरों में गेंदबाज सही एरिया में गेंद नहीं डाल सके, जिसकी वजह से पंजाब ने तेज शुरुआत की. हालांकि बाद में गेंद स्विंग और सीम हो रही थी, जिसका फायदा उनकी टीम ने उठाया.

अक्षर ने मध्य ओवरों में गेंदबाजों के प्रदर्शन को मैच का टर्निंग पॉइंट बताया. उन्होंने बल्लेबाजी यूनिट की भी तारीफ करते हुए कहा कि उनके आउट होने के बाद डेविड मिलर, आशुतोष शर्मा और माधव तिवारी ने शानदार जिम्मेदारी निभाई और टीम को जीत तक पहुंचाया.

# एआई से फोटो एडिट कर छात्रा को किया बदनाम

## सगाई टूटने से आहत युवती पहुंची थाने

**इंदौर।** बाणगंगा इलाके में एक छात्रा को उसके ही परिचित युवक ने एआई तकनीक की मदद से तैयार किए गए आपत्तिजनक फोटो के जरिए ब्लैकमेल किया। आरोपी की हरकतों के कारण न केवल छात्रा की सगाई टूट गई, बल्कि वह गहरे मानसिक तनाव में चली गई थी।

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वर्ष 2024 में उसकी बहन की शादी के दौरान उसकी मुलाकात विशाल पिता पप्पू गुर्जर निवासी राऊ से हुई थी। समारोह में सामान्य बातचीत के दौरान विशाल ने छात्रा के कुछ फोटो लिए थे। तब छात्रा को अंदाजा भी नहीं था कि ये तस्वीरें भविष्य में उसके लिए मुसीबत बन जाएंगी।कुछ समय बाद विशाल ने छात्रा पर शादी करने का दबाव बनाना शुरू कर दिया। जब छात्रा ने मना किया, तो आरोपी ने असलियत दिखाई। उसने धमकी दी कि उसके पास शादी की जो तस्वीरें हैं, उन्हें वह एआई के जरिए एडिट कर आपत्तिजनक बना देगा और सोशल मीडिया पर वायरल कर देगा।हैरत की बात यह है कि जब छात्रा के परिवार ने उसकी सगाई दूसरी जगह तय की, तो आरोपी वहां भी पहुंच गया। उसने छात्रा के मंगेतर के सामने मनगढ़ंत बातें कहीं और एडिट किए हुए फोटो दिखाकर सगाई तुड़वा दी। आरोपी ने छात्रा को जान से मारने और परिवार को बदनाम करने की धमकी भी दी।लगातार प्रताड़ना से तंग आकर और आत्महत्या जैसे विचार आने के बाद छात्रा ने परिजनों के साथ वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से गुहार लगाई। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी विशाल गुर्जर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# राऊ ट्रेंचिंग ग्राउंड में आग

**इंदौर।** राऊ स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड में आज सुबह अचानक आग लग गई। कचरे के विशाल ढेर में लगी आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया और धुआं काफी दूर तक दिखाई देने लगा। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीमों ने मौके पर पहुंचकर मोर्चा संभाला। फायर ब्रिगेड को सुबह करीब 6 बजे आग की सूचना मिली थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए तीन दमकलें तत्काल रवाना की गईं। तीन दमकलों और फायर फाइटर्स की टीम ने लगातार पानी की बौछार कर सुबह करीब 9 बजे तक आग पर पूरी तरह काबू पा लिया।

# अंडरग्राउंड केबलिंग की तकनीक विशेषज्ञों ने समझाई



**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह के निर्देश एवं मुख्य महाप्रबंधक प्रकाशसिंह चौहान के मार्गदर्शन में अंडरग्राउंड केबल पर एक दिनी ट्रेनिंग का आयोजन सोमवार को पोलोग्राउंड सभागार में हुआ। इसमें विषय विशेषज्ञों प्रदीप रामरखियानी, अरूण साहू ने देश विदेश में अंडरग्राउंड केबल स्थापना कार्य, मैंटेनेंस, रखी जाने वाली सावधानियों इत्यादि को लेकर महत्वपूर्ण बातें रखी। इस दौरान इंदौर, महू, उज्जैन इत्यादि शहरों के इंजीनियरों ने वक्ताओं से अपनी जिज्ञासाओं को लेकर प्रश्न पूछकर समाधान कारक जवाब लिया। अधिकारी एसएल करवाड़िया, एसआर बमनके, संजय मालवीय, निर्मल शर्मा, तरूण उपाध्याय, स्वाति वाजपेयी उपस्थित थे।

## सोना-चांदी के आज के भाव



| गोल्ड कैश | एमसीएक्स |
|---|---|
| 152750 | 154154 |
| **सिल्वर कैश** | **एमसीएक्स** |
| 251000 | 282100 |

फिजिकल भाव 1 बजे ओपन होता है

▪ निर्मल वर्मा घुंघरू

# महिला ने फांसी लगाकर दी जान

**इंदौर।** सांवेर थाना क्षेत्र के धरमपुरी में एक महिला ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।पुलिस मौत के पीछे क़ई वजहों को तलाश रही है। मृतका की पहचान शीला पति राजकुमार कुशवाह (34) के रूप में हुई है। बीती रात शीला के पति राजकुमार उसे गंभीर और बेसुध हालत में लेकर अरबिंदो अस्पताल पहुँचे थे। अस्पताल में परीक्षण के बाद डॉक्टरों ने बताया कि शीला की मृत्यु काफी पहले हो चुकी है। अस्पताल से मिली सूचना के बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है।

# शराब के नशे में गाली देने से रोका, तो पत्थर मारकर फोड़ा सिर

**इंदौर।** मानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पथवारी हासलपुर में मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। यात्री प्रतीक्षालय के पास शराब के नशे में धुत एक व्यक्ति को गाली देने से मना करना एक युवक को भारी पड़ गया। आरोपी और उसके भाइयों ने मिलकर युवक पर पत्थरों और लात-घूंसों से हमला कर दिया। पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार, घायल दिनेश पिता बद्रीलाल चौहान की शिकायत पर आरोपी रामसिंह पिता राजाराम चौहान, बनेसिंह चौहान और केशरसिंह चौहान के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। दिनेश ने पुलिस को बताया कि आरोपी रामसिंह नशे की हालत में सरेराह गालियां दे रहा था। जब दिनेश ने उसे ऐसा करने से रोका, तो आरोपी ने पत्थर उठाकर उसके सिर पर वार कर दिया, जिससे खून निकलने लगा। इसी दौरान आरोपी के भाई भी वहां पहुंच गए और उन्होंने भी दिनेश के साथ मारपीट की। आरोपी जाते-जाते उसे जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।

# स्टाइल खूबसूरती का तोहफा



## ट्रेंडी साड़ियां जीत लेंगी उनका दिल

**मां** के लिए तोहफा चुनते समय अक्सर समझ नहीं आता कि क्या दिया जाए, क्योंकि उनका प्यार किसी भी गिफ्ट से कहीं बड़ा होता है। ऐसे में साड़ी एक ऐसा खूबसूरत विकल्प है, जो हर मां को खास महसूस करा सकता है। यह सिर्फ पहनावा नहीं, बल्कि खूबसूरती, सादगी और भारतीय परंपरा की पहचान भी है। अगर आपकी मां को साड़ी पहनना पसंद है, तो इस मदर्स डे 2026 पर आप उनकी पसंद के अनुसार सिल्क, कॉटन, बनारसी या मॉडर्न डिजाइन वाली साड़ी गिफ्ट कर सकते हैं। आजकल लेटेस्ट साड़ी और स्टाइलिश ब्लाउज डिजाइनों की कई शानदार वैरायटी मौजूद हैं, जो उनकी पर्सनैलिटी को और भी आकर्षक बना सकती हैं।'

### जॉर्जेट साड़ी

हल्की और आसानी से कैरी की जाने वाली जॉर्जेट साड़ियां आजकल काफी पसंद की जाती हैं। अगर आपकी मां को सिंपल लेकिन स्टाइलिश लुक पसंद है, तो यह एक अच्छा गिफ्ट ऑप्शन हो सकता है। ये साड़ियां पहनने में आरामदायक होती हैं और पार्टी से लेकर रोजमर्रा तक हर मौके पर खूबसूरत लगती हैं। बजट के हिसाब से भी इनमें कई अच्छे डिजाइन आसानी से मिल जाते हैं।

### बनारसी साड़ी

अगर आपकी मां को ट्रेडिशनल और रॉयल लुक पसंद है, तो बनारसी साड़ी शानदार विकल्प हो सकती है। खूबसूरत जरी वर्क और क्लासिक डिजाइन वाली ये साड़ियां शादी, त्योहार और खास मौकों पर बेहद आकर्षक लगती हैं।



### सिल्क साड़ी

सिल्क साड़ियां हमेशा से एलिगेंट और क्लासी लुक के लिए पसंद की जाती हैं। कांचीवरम या टसर सिल्क जैसी साड़ियां अपनी चमक और शानदार फैब्रिक के लिए जानी जाती हैं। यह गिफ्ट आपकी मां को खास महसूस करा सकता है।

### कॉटन साड़ी

आराम पसंद करने वाली महिलाओं के लिए कॉटन साड़ी बेहतरीन चॉइस है। हल्की और आरामदायक होने की वजह से यह रोजमर्रा में आसानी से पहनी जा सकती है, खासकर गर्मियों के मौसम में।

### प्रिंटेड साड़ी

आजकल फ्लोरल, डिजिटल और एब्स्ट्रैक्ट प्रिंट वाली साड़ियां काफी ट्रेंड में हैं। ये स्टाइलिश लुक देने के साथ बजट फ्रेंडली भी होती हैं, इसलिए गिफ्ट के लिए अच्छा विकल्प मानी जाती हैं।

### हैंडलूम साड़ी

अगर आप मां को कुछ यूनिक और खास देना चाहते हैं, तो हैंडलूम साड़ी चुन सकते हैं। ये साड़ियां भारतीय कला और पारंपरिक बुनाई की खूबसूरती को दिखाती हैं और लंबे समय तक याद रहने वाला गिफ्ट बन सकती हैं।

# साढ़े 29 हजार करोड़ के विकास कार्यों पर मुख्यमंत्री का आभार
## किसान मोर्चा अध्यक्ष ने कहा- जरूरतमंदों को मिलेगी सौगात

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जयपालसिंह चावड़ा ने मध्यप्रदेश मंत्रिपरिषद द्वारा लिए गए निर्णय पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार जताया। चावड़ा ने कहा कि प्रदेश में 29,540 करोड़ से विकास व जनकल्याण के कार्यों में गति आएगी। पीएम ग्रामीण सड़क योजना से जनजातीय बस्ती व बसाहटों तक पक्की सड़कें बनेंगी, जलाशय की ऊंचाई बढ़ाने से 5200 हेक्टेयर कृषि भूमि होगी सिंचित, खुशहाल किसान होंगे। मंत्रिपरिषद के इस निर्णय से सड़क निर्माण से लेकर विभिन्न निर्माण व विकास कार्यों में गति आएगी और मध्यप्रदेश विकास में अग्रणी राज्यों में शुमार होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के चौथे चरण में मध्यप्रदेश को 1763 करोड़ रुपए मिले हैं, जिससे 2117 किलोमीटर की 973 सड़कें बनेंगी और 987 बसाहटें पक्की सड़कों से जुड़ेंगी। पीएम जनमन योजना में जनजातीय क्षेत्र की छोटी-छोटी बस्ती, बसाहटें, मजरों और टोलों को पक्की सड़कों से जोड़ा जाएगा। नीमच जिले में स्थित खुमान सिंह जलाशय की ऊंचाई एक मीटर बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। 163 करोड़ की लागत वाली इस योजना से जिले के 22 गांव के 6500 किसानों की 5200 हेक्टेयर कृषि भूमि सिंचित होगी। इससे क्षेत्र के किसान खुशहाल होंगे और हर खेत को सिंचाई का पानी पहुंचेगा। चावड़ा ने कहा कि वृद्धावस्था पेंशन योजना के लिए 6116 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। इसके साथ ही राज्य मंत्रियों के स्वेच्छानुदान को भी 16 हजार से बढ़ाकर 25 हजार करने का निर्णय लिया है। मंत्रिपरिषद के इस निर्णय से मध्यप्रदेश के बुजुर्गों को समय पर पेंशन मिलती रहेगी। हर जरूरतमंदों को सहायता मिलती रहेगी, पेंशन में भी देरी नहीं होगी। अब राज्य मंत्री भी एक व्यक्ति को 25 हजार रु. तक की आर्थिक मदद कर सकते हैं यह निर्णय भी अच्छा है।



# फ्लायओवर के ट्रायल रन का शुभारंभ

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** अर्जुन बरोदा फ्लायओवर के ट्रायल रन का शुभारंभ मंत्री तुलसीराम सिलावट और सांसद शंकर लालवानी की मौजूदगी में किया गया। यह फ्लायओवर आम जनता के लिए खोल दिया गया। 40 करोड़ की लागत से 800 मीटर लम्बे फ्लायओवर का निर्माण आगामी सिंहस्थ के लिए लाभदायक सिद्ध होगा। विगत दिनों डामरीकरण का कार्य भी किया गया था, जो अब पूरा हो चुका है।

## पौने 6 लाख की शराब और वाहन जब्त

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** देपालपुर आबकारी वृत्त द्वारा चार पहिया वाहन से विदेशी शराब और वाहन जब्ती की कार्रवाई की गई। तलाशी के दौरान वाहन में 15 बीयर पेटियों में रखी 360 केन 'बडवाईजर मेग्नम इंटरनेशनल किंग ऑफ बीयर' बरामद हुई। उक्त शराब पर 'फॉर सेल इन हरियाणा' अंकित था, जिससे स्पष्ट हुआ कि इसे अवैध रूप से परिवहन कर इंदौर लाया जा रहा था। आबकारी विभाग ने मौके से वाहन चालक सूरज पिता चिमन बुन्देला, निवासी रंगवासा राऊ हाल मुकाम बाणगंगा, जिला इंदौर को गिरफ्तार किया। शराब और वाहन की कीमत 5.72 लाख बताई गई। कार्रवाई में विभाग के बद्रीसिंह जमरा, सावन सिसोदिया, रवि बघेल, योगेश कुमार मोहविया, राशी सलोट तथा वाहन चालक मोनू का योगदान रहा।

## अधिवक्ता परिषद के चुनाव में मतदान



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** म.प्र. राज्य अधिवक्ता परिषद के चुनाव आज हो रहे हैं। इसमें जो सदस्य हैं वे मतदान कर रहे हैं। इसमें अलग-अलग वरियता के मत दिए जा रहे हैं। इंदौर से भी कई अधिवक्ता उम्मीदवार है। आज सुबह से जिला न्यायालय में चुनाव की प्रक्रिया चल रही है। बड़ी संख्या में अधिवक्ता अपने समर्थकों के प्रचार भी कर रहे हैं और अपने वोट का उपयोग करने भी पहुंच रहे हैं।


**इन्दौर नगर पालिक निगम**
**मोती तबेला झोन-32**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्रीमती पूजा पति श्री प्रकाश जोशी** द्वारा पंजीयन कार्यालय मोती तबेला स्थित निगम काउंटर झोन क्र. 32 राजस्व विभाग पर पिन नं. 9000074886 पर आवेदन प्रस्तुत कर मकान नम्बर सर्वे-255-256 प्लाट नं. 5 दशरथ बाग कालोनी छोटा बांगड़दा इन्दौर क़े नाम दर्ज सम्पत्ति का नामांतरण चाहा गया है।

यह सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर आपत्ति हो तो झोन क्र. 32 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**मोती तबेला झोन-32**
**नगर पालिक निगम इन्दौर**

# पंजाब किंग्स की लगातार चौथी हार, दिल्ली कैपिटल्स ने 3 विकेट से रौंदा

**नई दिल्ली ● एजेंसी**

सोमवार को पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच मुकाबला खेला गया. इस मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने 3 विकेट से मुकाबला जीत लिया. ये पंजाब किंग्स की लगातार चौथी हार थी. मुकाबला धर्मशाला के खूबसूरत मैदान पर हुआ जहां टॉस जीतकर दिल्ली ने पहले गेंदबाजी का फैसला लिया था. पंजाब ने अय्यर-प्रियांश की फिफ्टी के दम पर 210 रन बनाए थे. जिसे दिल्ली ने आखिरी ओवर में चेज कर लिया और अपनी प्लेऑफ की उम्मीदों को जिंदा रखा।



### ऐसे किया चेज

211 रनों के जवाब में उतरी दिल्ली की शुरुआत खराब रही. और अभिषेक पोरेल और केएल राहुल दोनों ही फ्लॉप रहे. साहिल पराख और स्टब्स भी कुछ खास नहीं कर सके. लेकिन अक्षर पटेल ने पारी को संभाला और फिफ्टी जड़ी. अक्षर ने 30 गेंद में 56 रन बनाए. इसके बाद डेविड मिलर और आशुतोष ने पारी को संभाला. मिलर ने 28 गेंदों में 51 रन ठोके और 4 छक्के जड़े. इसके बाद आशुतोष शर्मा ने 10 गेंद में 24 रन बनाए और माधव तिवारी ने 8 गेंद में 18 और आकिब ने 2 गेंद में 10 रन ठोक दिए. जिसके दम पर दिल्ली ने ये मैच जीत लिया।

### ऐसे रही पंजाब की बल्लेबाजी

पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी पंजाब की पारी का आगाज प्रियांश आर्य और प्रभसिमरन सिंह ने किया. दोनों ने ताबड़तोड़ अंदाज में बैटिंग की. इसी बीच, प्रियांश आर्य ने 24 गेंद में फिफ्टी जड़ी. पंजाब को पहला झटका 7वें ओवर में लगा जब प्रभसिमरन सिंह 18 रन बनाकर आउट हो गए. 9वें ओवर में पंजाब को दूसरा झटका लगा जब प्रियांश आर्य 56 रन बनाकर माधव तिवारी का शिकार बने. लेकिन इसके बाद श्रेयस अय्यर और कूपर कोनली ने अच्छी बल्लेबाजी की. अय्यर ने नाबाद 59 रन बनाए. जिसके दम पर पंजाब ने 5 विकेट खोकर 210 रन बनाए।

# टीम इंडिया की बादशाहत बरकरार पाकिस्तान को हुआ नुकसान

**नई दिल्ली ● एजेंसी**

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (घ्ण) की ध्उ्ह रैंकिंग में भारतीय टीम ने एक बार फिर अपनी बादशाहत कायम रखी है. वार्षिक अपडेट के बाद भी भारतीय टीम दुनिया की नंबर-1 ध्उ्ह टीम बनी हुई है, लेकिन इस बार उसकी बढ़त थोड़ी कम हो गई है. दूसरे स्थान पर मौजूद न्यूजीलैंड अब भारत से सिर्फ 5 रेटिंग अंक पीछे है, जिससे आने वाले महीनों में नंबर-1 की जंग और रोमांचक हो सकती है.



ताजा अपडेट के बाद भारतीय टीम के पास 118 रेटिंग अंक हैं. हालांकि टीम इंडिया को एक रेटिंग पॉइंट का नुकसान हुआ है. वहीं दूसरे स्थान पर काबिज न्यूजीलैंड के 113 अंक हैं. जबकि वर्ल्ड चैम्पियन ऑस्ट्रेलिया 109 अंकों के साथ तीसरे पायदान पर कायम है. उधर साउथ अफ्रीका ने ओडीआई रैंकिंग में शानदार छलांग लगाते हुए पाकिस्तान को पीछे छोड़ दिया है।

साउथ अफ्रीका अब 102 अंकों के साथ चौथे स्थान पर पहुंच गया है, जबकि पाकिस्तान 98 अंकों के साथ पांचवें नंबर पर खिसक गया. श्रीलंका 96 अंकों के साथ छठे, अफगानिस्तान (93 अंक) सातवें, इंग्लैंड (89 अंक) आठवें, बांग्लादेश (84 अंक) नौवें और वेस्टइंडीज (74 अंक) दसवें नंबर पर है.

**वर्ल्ड कप के लिहाज से अहम है ये रैंकिंग-** यह रैंकिंग अपडेट सिर्फ नंबरों का खेल नहीं है, बल्कि आईसीसी क्रिकेट वर्ल्ड 2027 के सीधे क्वालिफिकेशन से भी जुड़ा हुआ है. 31 मार्च 2027 तक ओडीआई रैंकिंग में टॉप-8 में रहने वाली टीमें सीधे आगामी वर्ल्ड कप में जगह बनाएंगी. मेजबानों साउथ अफ्रीका और जिम्बाब्वे पहले ही डायरेक्ट एंट्री पा चुके हैं. ऐसे में अगर साउथ अफ्रीका टॉप-8 में बना रहता है, तो नौवें स्थान की टीम को भी सीधा वर्ल्ड कप टिकट मिलने की संभावना बढ़ जाएगी।

ताजा रैंकिंग में आयरलैंड ने जिम्बाब्वे को पीछे छोड़ 11वां स्थान हासिल किया. उधर संयुक्त राज्य अमेरिका (ळर्एं) 13वें नंबर पर पहुंच गया, जबकि संयुक्त अरब अमीरात (ळीं) ने कनाडा को पीछे छोड़ 19वां स्थान हासिल किया।

# साथी तेज गेंदबाज की बाउंसर बनी मुसीबत! बुरी तरह चोटिल हुआ इंग्लिश क्रिकेटर

नॉटिंघम। न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले इंग्लिश क्रिकेट टीम के लिए डराने वाला पल सामने आया, जब तेज गेंदबाज गस एटकिंसन को काउंटी चैम्पियनशिप डिवीजन वन मैच के दौरान दो बार सिर पर गेंद लग गई. सरे और नॉटिंघमशायर के बीच ट्रेंटब्रिज में आयोजित मुकाबले में ये वाकया हुआ. गस एटकिंसन सरे की पहली पारी में बल्लेबाजी कर रहे थे, तभी उनकी इंग्लिश टीम के साथी तेज गेंदबाज जोश टंग की गेंद सीधे हेलमेट पर जा लगी. पहली बार चोट लगने के बाद एटकिंसन ने बल्लेबाजी जारी रखी, लेकिन दूसरी बार गेंद काफी जोर से सिर पर लगी, जिसके बाद मेडिकल टीम तुरंत मैदान पर पहुंची. हालांकि गस एटकिंसन दोनों बार बल्लेबाजी जारी रखना चाहते थे, लेकिन कन्कशन के गंभीर खतरे को देखते हुए टीम मैनेजमेंट ने उन्हें मैदान से बाहर बुला लिया. उस समय वह 27 रन बनाकर खेल रहे थे. उनकी जगह सब्स्टीट्यूट खिलाड़ी के तौर पर रीस टॉप्ली मैदान पर उतरे. इस घटना के बाद सरे के हेड कोच गैरेथ बैटी ने फैन्स को राहत दी. उन्होंने कहा, 'गस एटकिंसन ने मैदान पर सभी जरूरी टेस्ट पास किए थे, तभी उन्हें बल्लेबाजी जारी रखने दी गई. लेकिन खिलाड़ियों की सुरक्षा सबसे पहले आती है. फिलहाल वह ठीक हैं.' इंग्लिश टीम पहले ही अपने कई तेज गेंदबाजों की चोट और फिटनेस समस्याओं से परेशान है. ब्रायडन कार्स चोटिल हैं, जबकि मार्क वुड अभी रिकवरी कर रहे हैं।



# तूफानी फिफ्टी जड़ने के बाद उर्विल ने खोला राज धोनी की एक सलाह से सब बदल गया

**नई दिल्ली।** चेन्नई सुपरकिंग्स के युवा बल्लेबाज उर्विल पटेल ने खुलासा किया है कि एमएस धोनी की एक खास सलाह ने उनकी बल्लेबाज़ी का अंदाज़ बदल दिया. इसी का नतीजा रहा कि उन्होंने रविवार को लखनऊ के खिलाफ मुकाबले में घ्ङ्थ इतिहास का संयुक्त रूप से सबसे तेज अर्धशतक जड़ दिया.





चेपॉक में खेले गए मुकाबले में उर्विल ने महज़ 13 गेंदों में फिफ्टी पूरी कर घ्ङ्थ रिकॉर्ड की बराबरी कर ली. उन्होंने 23 गेंदों पर 65 रन की विस्फोटक पारी खेली, जिसमें लगातार पांच छक्के भी शामिल रहे. उनकी धमाकेदार बल्लेबाज़ी की बदौलत णएख ने शानदार जीत दर्ज की.

उर्विल इससे पहले भी णएख के लिए तेज शुरुआत कर रहे थे. उन्होंने मुंबई इंडियंस के खिलाफ 12 गेंदों पर 24 रन और दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 9 गेंदों पर 17 रन बनाए थे, लेकिन बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे. इसके बाद उन्होंने ड्रेसिंग रूम में धोनी से सलाह मांगी. उर्विल ने बताया, पिछले दो मैचों में आउट होने के बाद मैं माही भाई के पास गया और पूछा कि मुझे शुरुआत तो मिल रही है, लेकिन मैं उसे बड़ी पारी में कैसे बदलूं? तब भाई ने कहा, मुझे तुम्हारी स्किल्स पर कोई शक नहीं है. जो भी शक है, वो सिर्फ तुम्हारे दिमाग में है. मानसिक रूप से साफ रहो और सही गेंद को सही एरिया में खेलने की कोशिश करो. उर्विल ने बताया कि इस सलाह ने उन्हें मानसिक रूप से काफी मजबूत बनाया और वह खुलकर बल्लेबाज़ी कर पाए. रिकॉर्ड अर्धशतक लगाने के बाद उर्विल ने अपनी पारी अपने पिता को समर्पित की. उन्होंने कहा कि उनके पिता हमेशा उनकी आक्रामक बल्लेबाज़ी का समर्थन करते हैं और रन की चिंता नहीं करने की सलाह देते हैं.

# विराट कोहली के खिलाफ गलत बोलने के लिए ऑफर हुए थे पैसे'

## मॉडल का शॉकिंग दावा

**नई दिल्ली ● एजेंसी**

जर्मन इंफ्लुएंसर और मॉडल लिजलैज इंडिया में वायरल हो चुकी हैं. बीते दिनों विराट कोहली ने उनकी इंस्टा पर एक ग्लैमरस फोटो को लाइक किया था. इसके बाद से हर ओर लिजलैज की चर्चा होने लगी. हाल ही में एक इंटरव्यू में लिजलैज ने कोहली को लेकर बात की. इंफ्लुएंसर ने बताया कि शुरुआत में उन्हें विराट के अपनी फोटो लाइक करने की जानकारी नहीं थी. बाद में जब उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट्स देखे तब वो जान पाईं. ये मोमेंट उनके लिए अनरियल जैसा था.




लिजलैज ने बताया कि इंडिया और जर्मनी में इस चीज को अलग तरह से देखा गया. जहां इंडिया में लाइक कंट्रोवर्सी के बाद लोगों ने कहा कि कौन है लिजलैज? वहीं जर्मनी में हेडलाइन्स ये थीं कि कौन है विराट कोहली? इंफ्लुएंसर के मुताबिक, जर्मनी में क्रिकेट ज्यादा पॉपुलर नहीं है. लिजलैज ने विराट कोहली को ट्रोल करने वालों को जवाब भी दिया।

**लिजलैज का शॉकिंग खुलासा-** उन्होंने कहा कि क्रिकेटर का उनकी फोटो लाइक करने के पीछे कोई गलत इरादा नहीं था. ना ही वो मीडिया कवरेज चाहते थे. उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया था. लिजलैज ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि वो क्रिकेटर की इमेज को खराब ना करें. उन्होंने किंग कोहली को एशिया का मैसी और रोनाल्डो कहा है. इंटरव्यू के दौरान लिजलैज ने एक शॉकिंग खुलासा भी किया. उन्होंने दावा किया कि कुछ जर्नलिस्ट्स ने कोहली के खिलाफ निगेटिव बोलने के लिए उन्हें पैसे ऑफर किए थे.

वो कहती हैं- कुछ लोग चाहते थे कि मैं कोहली पर कीचड़ उछालूं. वो बातें बोलूं जो कोहली ने कभी नहीं की. लेकिन मैं ऐसा क्यों करूंगी? वो मेरे फेवरेट क्रिकेटर हैं. लिजलैज ने कहा कि लाइक कंट्रोवर्सी ने उनके करियर को बूस्ट करने में मदद की है. उन्हें कई सारे प्रोजेक्ट्स के ऑफर आने लगे. रियलिटी शोज, ब्रांड कोलैबोरेशन और एंटरटेनमेंट प्रोजेक्ट्स के लिए उन्हें अप्रोच किया गया. उन्हें मोटी रकम भी ऑफर की गई. लेकिन वो कोई भी ऐसा प्रोजेक्ट नहीं करेंगी जो उनकी वैल्यूज के खिलाफ हो. उन्होंने कहा कि अगर उन्हें बॉलीवुड में काम मिलेगा तो वो करने को राजी हैं।

# जीआरपी की मुस्तैदी से यात्री को मिला 8.50 लाख के जेवरों से भरा बैग

**प्रयागराज एक्सप्रेस में छूटा था ट्रॉली बैग, गहने और नकदी सुरक्षित पाकर यात्री ने जताया पुलिस का आभार**

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

जीआरपी पुलिस ने रेल यात्रियों की सुरक्षा और सेवा का बेहतरीन उदाहरण पेश किया है। ट्रेन में छूटे लाखों रुपये के जेवरात और कीमती सामान को पुलिस ने न केवल ढूंढ निकाला, बल्कि पूरी ईमानदारी के साथ उसे उसके असली मालिक को सुपुर्द कर दिया।

एडिशनल एसपी रेल हेमंत चौहान के मुताबिक, ट्रेन क्रमांक 14116 प्रयागराज एक्सप्रेस के कोच एस-2 में





सफर कर रहे यात्री मुकेश कुमार प्रजापत अपने बर्थ पर एक ब्लू कलर का ट्रॉली बैग और एक अन्य छोटा बैग भूल गए थे। इस बात की सूचना तत्काल जीआरपी चौकी डॉ. अंबेडकर नगर (महू)को दी गई।सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी सउनि विंसेंट चम्पावत के नेतृत्व में गठित टीम सक्रिय हुई। जैसे ही ट्रेन महू स्टेशन पहुंची, पुलिस टीम ने कोच को अटेंड किया और दोनों बैगों को सुरक्षित बरामद कर लिया।बैग की जांच करने पर पुलिस को उसमें सोने के जेवरात लगभग 57 ग्राम और नकदी 9000 नगद, आर्टिफिशियल ज्वेलरी और कपड़े मिले।थाना जीआरपी इंदौर के माध्यम से जब यात्री से संपर्क किया गया, तो राऊ ओमेक्स हिल्स निवासी मुकेश प्रजापत चौकी पहुंचे। सामान का सत्यापन करने के बाद पुलिस ने उन्हें विधिवत सारा सामान सौंप दिया। लाखों का सामान सुरक्षित वापस पाकर यात्री ने इंदौर जीआरपी की कार्यप्रणाली और ईमानदारी की जमकर तारीफ की।

## शादी का झांसा देकर महिला से दुष्कर्म

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

महिला थाने में एक 42 वर्षीय महिला की शिकायत पर दुष्कर्म और मारपीट का गंभीर मामला दर्ज किया गया है। आरोपी ने महिला को शादी का लालच देकर लंबे समय तक उसका शारीरिक शोषण किया और बाद में वादे से मुकरते हुए उसके साथ मारपीट की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, 42 वर्षीय पीड़िता ने आरोपी अचल पिता प्रेम जैन निवासी स्कीम नंबर 71 के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता ने बताया कि अचल ने उसे शादी का झांसा दिया और विश्वास में लेकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। आरोपी काफी समय तक शादी का वादा कर महिला का शोषण करता रहा। जब पीड़िता ने आरोपी पर शादी करने का दबाव बनाया, तो अचल अपने वादे से मुकर गया। इतना ही नहीं, विरोध करने पर आरोपी ने महिला के साथ गाली-गलौज और मारपीट की। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने उसे इस बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी। महिला थाना पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी अचल जैन के खिलाफ दुष्कर्म, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने की धाराओं में केस दर्ज किया है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

## खेत में पोल गाड़ने को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**

**किशनगंज थाना क्षेत्र के ग्राम सांतेर में खेत की जमीन पर खंभे गाड़ने की बात को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। राधा-कृष्णा मंदिर के सामने हुई इस घटना में दोनों पक्षों के लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायतों के आधार पर एक-दूसरे के खिलाफ क्रॉस केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।**

**दोनों तरफ से केस दर्ज, कई घायल**

पुलिस के अनुसार, एक पक्ष की ओर से रजत पिता रामकृष्ण चौधरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। रजत का आरोप है कि आरोपी श्रीकांत भार्गव, हर्ष भार्गव और जितेंद्र भार्गव सभी निवासी ग्राम सांतेर ने खेत की जमीन को लेकर विवाद किया और गालियां दीं। जब रजत के भाई रोहित ने गाली देने से मना किया, तो आरोपियों ने उन पर हमला कर दिया और पत्थर मारकर घायल कर दिया। जाते-जाते आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी। वहीं, दूसरे पक्ष से श्रीकांत भार्गव ने जवाबी शिकायत दर्ज कराई है। श्रीकांत के मुताबिक, आरोपी रजत चौधरी, रोहित चौधरी और उनके साथ आए एक अन्य मजदूर ने विवाद की शुरुआत की। जब श्रीकांत ने उन्हें खेत में पोल गाड़ने से रोका और गाली देने से मना किया, तो आरोपियों ने उन पर हमला बोल दिया। श्रीकांत का आरोप है कि आरोपियों ने उन्हें लात-घूंसों से बुरी तरह पीटा और जान से मारने की धमकी दी।





## डम्पर की टक्कर से पलटी सब्जी से भरी पिकअप

**विजय नगर चौराहा पर तेज रफ्तार से फिर हादसा**

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

विजय नगर चौराहा पर आज सुबह तेज रफ्तार डम्पर और पिकअप वाहन के बीच टक्कर हो गई। टक्कर के बाद पिकअप पलट गई जिससे उसमें भरी सब्जी रोड पर फैल गई। वहीं चालक चोटिल हो गया जिसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। डम्पर चालक वहां से फरार हो गया।

मिली जानकारी के अनुसार घटना सुबह 4.30 बजे विजय नगर चौराहा पर हुई। डम्पर क्रमांक एमपी 09 एझेड 5871 ने पिकअप वाहन को टक्कर मार दी, टक्कर इतनी तेज थी कि पिकअप कुछ दूरी तक घसीटती गई और फिर पलट गई। हादसे के बाद राहगिरों ने पिकअप चालक को जैसे-तैसे बाहर निकाला। उसके हाथ-पैर और सिर पर चोटें आई है। पिकअप वाहन रेडिसन की ओर से आ रहा था, वहीं तेज रफ्तार डम्पर रसोमा चौराहा की ओर से आया। पुलिस सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची और डम्पर को जब्त किया। डम्पर चालक मौक से फरार हो गया जिसकी तलाश की जा रही है।

## महिला से दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**इंदौर।** बेटमा थाना क्षेत्र में वर्षीय युवती के साथ दुष्कर्म और उसके परिवार को धमकाने वाले आरोपी को पुलिस ने घेराबंदी कर हिरासत में ले लिया है। 20 वर्षीय पीड़िता ने बेटमा थाने पहुंचकर अपनी आपबीती सुनाई। पीड़िता के मुताबिक, आरोपी ने उसके साथ जबरदस्ती बलात्कार किया और विरोध करने पर उसके भाई को जान से खत्म करने की धमकी दी। डरी-सहमी युवती ने हिम्मत जुटाकर परिजनों को घटना की जानकारी दी और थाने में शिकायत दर्ज कराई।पुलिस टीम ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल केस दर्ज किया। विवेचना के दौरान तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी अजय पिता गोविंद यादव निवासी ग्राम कराड़िया, बेटमा को उसके ठिकाने से हिरासत में ले लिया।

## जमीन और पैसों के विवाद में मारपीट

**इंदौर।** सिमरोल थाना क्षेत्र के ग्राम बैरछा में जमीन की मिल्कियत और उधारी के रुपयों को लेकर एक युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। आरोपी ने न केवल मारपीट की, बल्कि फरियादी को दोबारा जमीन पर कदम रखने पर जान से खत्म करने की धमकी भी दी। पुलिस के मुताबिक, फरियादी अर्पित पिता पदम भाभर निवासी ग्राम बैरछा की रिपोर्ट पर आरोपी उदित पिता राजेश पटेल निवासी इंदौर के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। अर्पित ने बताया कि आरोपी उदित ने जमीन पर अपना हक जताते हुए कहा कि एक बीघा जमीन मेरी है, तुम्हें 96 हजार रुपए दिए थे।इसी बात को लेकर आरोपी ने गालियां दीं और मारपीट शुरू कर दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## गाड़ी पलटाने को लेकर विवाद में सिर फुटे

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** आजाद नगर थाना क्षेत्र में गाड़ी विवाद में गाड़ी पलटाने को लेकर दो वर्ग के पक्ष आमने-सामने हो गए। दूसरे वर्ग पर आरोप लगा कि उन्होंने महिला के प्रति अभद्र और अशोभनीय भाषा का उपयोग किया। इसी के बाद विवाद बढ़ गया। बताया गया कि हमले में 5 लोग घायल हो गए, जिसमें कुछ के सिर पर भी चोटे आई है, घायलों को एमवाय और आरके अस्पताल में इलाज के लिए भेजा भी गया था। मिली जानकारी के मुताबिक घायलों में विनय सोनकर, नवदीप सोनकर, अमित सोनकर, नितेश सोनकर है। मामला दो वर्गों से जुड़ा होने के कारण चर्चा में बना रहा और पुलिस भी इस मामले में अलर्ट रही। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर मामले में संज्ञान लेना शुरू कर दिया है। मेडिकल रिपोर्ट पर भी संज्ञान लिया जा रहा है।





स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर ( म.प्र. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।